इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 46 | अंक - 04 | राजनांदगांव, गुरूवार 19 नवंबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए



साय कैबिनेट के बड़े फैसले; अबूझमाड़ के छात्रों को पढ़ाई के लिए 50 करोड़ मिलेंगे: पानी का बिल वसूलने पर पंचायतों को सरकार देगी 50 हजार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अबूझमाड़ के बच्चों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर देने के लिए सरकार 40.98 करोड़ रुपए खर्च करेगी। नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय को अगले 3 साल के लिए यह अनुदान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा सरकार ने पानी का बिल वसूलने वाली ग्राम पंचायतों को हर साल 50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। कैबिनेट में कुल 4 फैसलों को मंजूरी दी गई। राजनांदगांव में बाल सुधार गृह और माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय कार्यालय के लिए जमीन आवंटित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

छोटी पंचायतों को नलजल योजना के लिए मिलेगा अनुदान

कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ पंचायत (ग्रामीण नलजल संचालन, संधारण एवं प्रबंधन) नियम, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी है। इसके तहत साल 2024 में लागू नियमों को निरस्त कर जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय मानकों के



अनुसार नए नियम लागू किए जाएंगे। नए नियमों में केंद्र सरकार के सुझाए गए बिंदुओं को शामिल किया गया है। इससे ग्राम पंचायतों के जरिए नलजल योजनाओं का नियमित संचालन और रखरखाव हो सकेगा।

एक हजार से कम आबादी वाली पंचायतों को मिलेगी मदद

एक हजार से कम आबादी वाली ग्राम पंचायतों को नलजल योजनाओं के संचालन और रखरखाव के लिए मुख्यमंत्री नल जल अनुदान से आर्थिक मदद दी जाएगी। इसके लिए पंचायतों को हर महीने कम से कम 50 प्रतिशत जल प्रभार यानी पानी का शुल्क जमा करना होगा। वहीं, सालाना जल प्रभार की 75 प्रतिशत से ज्यादा राशि वसूलने वाली पंचायतों को हर साल 50 हजार रुपए मुख्यमंत्री नल जल प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा लगातार दो साल तक 100 प्रतिशत मीटरिंग सुनिश्चित करने वाली पंचायतों को एकमुश्त 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान किया गया है।

अबूझमाड़ के कॉलेज को तीन साल में मिलेंगे 40.98 करोड़ रुपए

कैबिनेट ने नारायणपुर में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के अबूझमाड़िया छात्रों को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा देने के लिए रामकृष्ण मिशन स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय को तीन साल का अनुदान देने का फैसला लिया है। यह कॉलेज रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से संचालित किया जाता है। इसके संचालन और भवन सहित अन्य सुविधाओं के विकास के लिए तीन साल में करीब 40.98 करोड़ रुपए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

छत्तीसगढ़ में लोहा कारोबारियों और बड़े ठेकेदारों के ठिकानों पर आयकर का छापा



रायपुर से अंबिकापुर तक एक साथ कार्रवाई

बिलासपुर में बड़े लोहा कारोबारी जयप्रकाश मित्तल के निवास और प्रतिष्ठानों में जांच

रायपुर में पीआरए ग्रुप के रमेशचन्द्र अग्रवाल के ठिकानों पर भी पहुंची टीम

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बुधवार सुबह आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोहा कारोबारियों और बड़े ठेकेदारों के विभिन्न ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा और अंबिकापुर में आयकर विभाग की टीमें जांच में जुटी हैं। इस कार्रवाई के लिए एक दर्जन से अधिक टीमों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। अचानक हुई इस कार्रवाई से प्रदेश के व्यापारिक और कारोबारी जगत में हड़कंप मच गया है।

बिलासपुर में संभाग के बड़े लोहा कारोबारी जयप्रकाश मित्तल के अलग-अलग ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी। बुधवार सुबह अधिकारी तीन गाड़ियों में विद्यानगर स्थित उनके निवास प्रकाश कुंज पहुंचे। इसके साथ ही व्यापार विहार स्थित मित्तल स्टील इस्पात और स्टीलमार्ट के कार्यालय एवं दुकान में भी जांच शुरू की गई। बताया जा रहा है कि यहां हनुमान हार्डवेयर स्टोर के नाम से भी कारोबार संचालित होता है। आयकर विभाग के अधिकारी कारोबारी के निवास और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। इस दौरान जयप्रकाश मित्तल से भी पूछताछ किए जाने की जानकारी है। टीम कारोबार से संबंधित रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज खंगाल रही है। राजधानी रायपुर में सड़क निर्माण के बड़े ठेकेदार माने जाने वाले पीआरए ग्रुप के मालिक रमेशचन्द्र अग्रवाल के ठिकानों पर भी आयकर विभाग की टीम पहुंची। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

आजम खां हुए डासना जेल से रिहा, बेटे अब्दुल्ला ने कहा- टाइगर इज बैक


गाजियाबाद। मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद सपा नेता आजम खां रिहा हो गए हैं। उनसे मिलने के लिए बड़ी संख्या में उनके समर्थक जेल से बाहर थे। उनके बाहर आते ही आजम खां जिंदाबाद के नारे लगे।



पिता की रिहाई के वक्त डासना जेल पहुंचे अब्दुल्ला आजम ने कहा, आज यहां जुटे उनके सभी शुभचिंतकों के लिए बेहद खुशी का दिन है। उनके चेहरों पर यह खुशी साफ देखी जा सकती है। यह उन लोगों का जमावड़ा है जो वास्तव में उनका बहुत सम्मान करते हैं... टाइगर वापस आ गया है। गौरतलब है कि आज(18 नवंबर) शाम को ही उनका रिहाई परवाना डासना जिला कारागार पहुंचा था। उसके करीब एक घंटे में आजम खां जेल से बाहर आ गए। सपा नेता एक नवंबर से न्यायिक हिरासत में डासना जेल में बंद थे। आज आजम के अधिवक्ताओं ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अंतरिम जमानत आदेश कोर्ट में दाखिल कर दिया। इसके बाद 50-50 हजार रुपये के दो जमानती और इतनी ही धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल किया गया। जमानत दाखिल होने के बाद कोर्ट ने आजम का रिहाई परवाना जारी कर दिया।

राहुल गांधी अमेरिका में बोले- भारत आर्थिक संकट की कगार पर: बेरोजगारी-एजुकेशन सिस्टम भी बड़ी समस्या

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। राहुल गांधी ने कहा है कि भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। इसके पीछे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी खामियां हैं। युवाओं में बढ़ती निराशा की मुख्य वजह यह है कि उन्हें अपना भविष्य नजर नहीं आता। राहुल गांधी ने यह बात बुधवार को न्यूयॉर्क में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में छात्रों और फैकल्टी के सामने कही। राहुल अमेरिका के दो दिन के दौरे पर हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने जालंधर में कहा, 'राहुल विदेश में जाकर भारत की छवि खराब करते हैं। वो भारत की इकोनॉमी को डिजास्टर बताते हैं, लेकिन भारत नहीं उनकी सोच डिजास्टर है।'



नितिन नवीन बोले-इकोनॉमी नहीं, उनकी सोच डिजास्टर

राहुल की बातचीत की बड़ी बातें

SIR पर खर्च को लेकर सवालः राहुल ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को सामान्य अभियान से बिल्कुल अलग बताया। उन्होंने कहा, 'इस अभियान में जितना पैसा खर्च किया गया, वह अनुमान से 20, 30, 40 या 50 गुना तक ज्यादा था। इतना पैसा कहां से आया। इस अभियान में खर्च की गई रकम को लेकर कई सवाल हैं, जिनका जवाब मिलना चाहिए।'

वोटों के अंतर को बताया असंभवः राहुल ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा, 'अचानक 5 लाख वोटों का मार्जिन मिल जाना संभव नहीं है। चुनावी नतीजों और वोटों के आंकड़ों को लेकर हमारी पार्टी (कांग्रेस) के पास कई सवाल हैं। हमारे पास चुनावी धांधली के कई सबूत हैं। इन्हें सामने लाने के लिए हम काम कर रहे हैं।' चुनावी व्यवस्था में सुधार को बताया जरूरीः राहुल ने कहा, 'हमारा मकसद देश की चुनावी व्यवस्था को फिर से दुरुस्त करना है। चुनावी व्यवस्था को ठीक किए बिना कुछ नहीं हो सकता। निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है।'

युवाओं को अपना भविष्य नहीं दिख रहाः राहुल ने कहा, युवाओं में मौजूदा हालात को लेकर निराशा है। इनमें एक वर्ग मध्यमवर्गीय परिवारों से आता है और उसने औपचारिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

गाजा पर इजरायली सेना के हमलों में मारे गए 7 फिलिस्तीनी, 15 लोग घायल

नई दिल्ली। आतंकी संगठन हमास को खत्म करने के लिए गाजा और आसपास के इलाकों में इजरायल की सैन्य कार्रवाई जारी है। इजरायली सेना लगातार गाड़ा और आसपास के इलाकों में हमले कर रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। कई निर्दोष लोग इजरायली सेना के हमलों में अपनी जान गंवा रहे हैं।



इजरायली सेना गाजा में अलग-अलग जगहों पर हमले कर रही है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि पिछले 24 घंटों में गाजा पर इजरायली सेना के हमलों में 7 लोग मारे गए। वहीं 15 लोग इन हमलों में घायल हो गए। 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। अन्य घायलों का अस्पतालों में इलाज जारी है। गाजा में पिछले साल 11 अक्टूबर को सीजफायर शुरू हुआ था। हालांकि कुछ समय बाद ही इसका उल्लंघन शुरू हो गया था। सिर्फ इजरायली सेना ने ही नहीं, हमास ने भी इसका उल्लंघन किया। गाड़ा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले साल हुए इस सीजफायर के बाद से अब तक गाड़ा में इजरायली सेना के हमलों की वजह से 1,658 लोग मारे गए हैं और 6,000 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय के अनुसार सीजफायर की घोषणा के बाद से 850 शव बरामद किए जा चुके हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अक्टूबर 2023 में गाजा पर इज़रायल के हमलों की शुरुआत के बाद से अब तक 74,710 फ़िलिस्तीनी मारे गए हैं और 176,131 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों और घायलों का आंकड़ा हर दिन बढ़ता ही जा रहा है।

अब टोल प्लाजा पर पकड़ी जाएगी बिना बीमा वाली गाड़ी, मोबाइल पर तुरंत आएगा अलर्ट; 10 हजार रुपये तक जुर्माना



नई दिल्ली। अगर आप अपनी कार या किसी अन्य वाहन का थर्ड-पार्टी बीमा रिन्यू कराना भूल गए हैं, तो अब सावधान हो जाइए। नेशनल हाईवे पर बिना वैध बीमा के वाहन चलाना आपको महंगा पड़ सकता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने टोल प्लाजा पर ही वाहनों के बीमा की जांच करने के लिए नई तकनीक आधारित व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत बिना वैध बीमा वाले वाहन की पहचान होते ही वाहन मालिक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर अलर्ट मैसेज भेजा जाएगा। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माने की चेतावनी भी दी जाएगी।

NHAI ने फिलहाल इस व्यवस्था का परीक्षण दिल्ली के मुंडका टोल प्लाजा पर शुरू किया है। अधिकारियों के मुताबिक, ट्रायल सफल रहने और तकनीकी व्यवस्था पूरी तरह स्थिर होने के बाद इसे देश के अन्य नेशनल हाईवे और टोल प्लाजा पर भी लागू करने की योजना है। इससे बिना बीमा के सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की पहचान करना आसान हो जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया ऑटोमैटिक होगी और इसमें किसी कर्मचारी के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं पड़ेगी। जैसे ही कोई वाहन टोल प्लाजा से गुजरेगा, वहां लगे कैमरे उसकी नंबर प्लेट को स्कैन कर लेंगे। इसके बाद वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के वाहन पोर्टल के डेटाबेस से मिलाया जाएगा। सिस्टम कुछ ही सेकंड में यह पता लगा लेगा कि संबंधित वाहन का थर्ड-पार्टी बीमा वैध है या उसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। यदि बीमा एक्सपायर पाया जाता है, तो वाहन के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर तुरंत चेतावनी वाला एसएमएस भेजा जाएगा। इस तरह वाहन मालिक को बीमा की स्थिति के बारे में जानकारी मिल सकेगी। मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना वैध थर्ड-पार्टी बीमा के वाहन चलाना कानूनी अपराध है। पहली बार पकड़े जाने पर 2,000 रुपये तक का जुर्माना या तीन महीने तक की कैद अथवा दोनों का प्रावधान है। वहीं, दोबारा अपराध करने पर 4,000 रुपये तक का जुर्माना या तीन महीने तक की कैद अथवा दोनों की सजा हो सकती है। ऐसे में वाहन मालिकों को सलाह दी गई है कि वे अपने वाहन का बीमा समय रहते रिन्यू करा लें। बीमा की अवधि समाप्त होने के बाद वाहन चलाने से न केवल कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

भारत-जापान साझेदारी दुनिया की समृद्धि के लिए जरूरी : एस जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को इंडिया-जापान इंडो-पैसिफिक फोरम को संबोधित करते हुए भारत-जापान संबंधों को दुनिया के लिए बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी सिर्फ द्विपक्षीय नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि के लिए योगदान दे रही है। विदेश मंत्री ने इंडिया-जापान इंडो-पैसिफिक फोरम के नवीनतम संस्करण के लिए वीडियो संदेश जारी किया।



फिलीपींस में आसियान-भारत समिट में शामिल होने के बाद विदेश मंत्री जापान पहुंचे। उन्होंने इस फोरम के आयोजन के लिए दिल्ली पॉलिसी ग्रुप और जापान इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स के प्रयासों की सराहना की। जयशंकर ने कहा कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी विश्वास और सद्भावना पर टिकी है और साझा रणनीतिक दृष्टिकोण से जुड़ी है। उन्होंने कहा, दो बड़े एशियाई लोकतंत्र, गतिशील बाजार अर्थव्यवस्थाएं और समुद्री राष्ट्र होने के नाते, भारत और जापान एक स्वतंत्र, मुक्त और नियम आधारित इंडो-पैसिफिक के निर्माण के लिए जरूरी हैं। दोनों देश इंडो-पैसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव और विजन महासागर पर मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने आर्थिक सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि जापान की मैन्युफैक्चरिंग विशेषज्ञता और उन्नत तकनीक, भारत की उद्यमशीलता, पैमाने और प्रतिभा के साथ अच्छी तरह मेल खाती है। जापान हमारा एक महत्वपूर्ण एफटीए साझेदार है और विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में योगदान दे रहा है। वहीं, भारत की स्थिर आर्थिक वृद्धि जापानी व्यवसायों को भारत में बनाकर दुनिया के लिए बनाने का अवसर देती है। मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल का जिक्र करते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

भारत ने बनाई बर्ड फ्लू की पहली स्वदेशी वैक्सीन, शिवराज सिंह चौहान 20 नवंबर को करेंगे लॉन्च

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 नवंबर को मुर्गियों के लिए भारत की पहली देसी 'इनएक्टिवेटेड एच5एव1' एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) वैक्सीन लॉन्च करने वाले हैं। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई।



आईसीएआर-एनआईएचएसएडी भोपाल ने मुर्गियों के लिए पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा वैक्सीन बनाई है। इस वैक्सीन से देश में फैल रहे 'क्लेड 2.3.2.1ए एच5एन1' वायरस के स्ट्रेन से सुरक्षा मिलेगी। अभी, क्लेड 2.3.2.1ए के एच5एन1 वायरस के खिलाफ कोई खास कमर्शियल वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसलिए, भारत के लिए एक देसी वैक्सीन बनाना जरूरी है। बहुत ज्यादा पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा (एचपीएआई), जिसे आमतौर पर बर्ड फ्लू के नाम से जाना जाता है, पोल्ट्री को प्रभावित करने वाली एक गंभीर बीमारी है। इसके फैलने से इंफेक्टेड पक्षियों में लगभग 100 प्रतिशत मौत हो सकती है, जिससे बड़े पैमाने पर पक्षियों को मारने और व्यापार पर रोक लगने के कारण पोल्ट्री फॉर्मरों को बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। इसका असर सिर्फ पोल्ट्री फार्म तक ही नहीं है; यह वैश्विक व्यापार, पोल्ट्री उत्पाद की कीमतों और पोल्ट्री फॉर्मरों की रोजी-रोटी पर भी असर डाल सकता है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, 2006 में भारत में इस बीमारी का पहली बार पता चलने के बाद से, देश में एच5एन1 और एच5एन8 सबटाइप के 500 से ज्यादा मिले-जुले मामले सामने आए हैं। बर्ड फ्लू का एक बड़ा प्रकोप भारत की जीडीपी ग्रोथ को 1.5 प्रतिशत तक कम कर सकता है जबकि अगर यह बीमारी बिना कंट्रोल के फैलती है तो देश की 20 प्रतिशत से ज्यादा पोल्ट्री आबादी खतरे में पड़ सकती है। 2006 में बर्ड फ्लू के प्रकोप से लगभग 2,200-3,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। मणिपुर में भी इसके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ट्रम्प, पुतिन और जिनपिंग की डिनर पर मुलाकात: तीनों नेताओं की कल मीटिंग; चीनी राष्ट्रपति प्रोटोकॉल तोड़कर ट्रम्प को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे थे



शेनझेन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन APEC समिट के स्वागत डिनर में एक साथ नजर आए। तीनों नेताओं के बीच कल त्रिपक्षीय बैठक होगी। इसमें ईरान युद्ध और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इससे पहले जिनपिंग ने प्रोटोकॉल तोड़कर एयरपोर्ट पर ट्रम्प का स्वागत किया। वे पहली बार किसी विदेशी नेता को रिसीव करने खुद एयरपोर्ट पहुंचे। आमतौर पर इस तरह की जिम्मेदारी दूसरे अधिकारी निभाते हैं।

जिनपिंग बोले- ट्रम्प के साथ बातचीत से अमेरिका से रिश्ते बेहतर होंगे

जिनपिंग ने ट्रम्प से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच बातचीत से रिश्ते बेहतर होंगे और उनमें स्थिरता आएगी। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए और मिलकर काम करना चाहिए। जिनपिंग ने सितंबर में अपनी अमेरिका यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस दौरान ट्रम्प और उनकी पत्नी खुद एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने पहुंचे थे। जिनपिंग ने कहा कि चीन ने भी ट्रम्प का स्वागत करके उसी परंपरा को आगे बढ़ाया है।

APEC समिट में 21 देशों के नेता शामिल

APEC समिट 18 और 19 नवंबर को चीन के शेनझेन में हो रही है। इसमें एशिया-पैसिफिक क्षेत्र की 21 अर्थव्यवस्थाओं के नेता शामिल हो रहे हैं। इनमें अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं।

चीन 12 साल बाद तीसरी बार इस समिट की मेजबानी कर रहा है। इस साल की थीम है- बिल्डिंग एशिया-पैसिफिक कम्युनिटी टू प्रॉस्पर टुगेदर यानी मिलकर तरक्की करने वाला एशिया-पैसिफिक समुदाय।

हिमाचल प्रदेश के मंडी में बड़ा हादसा, 500 मीटर गहरी खाई में गिरी कार; गाड़ी में सवार सभी 6 लोगों की मौत

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में मंडी जिले के जोगिन्दरनगर उपमंडल के तहत आने वाले लडभडोल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 युवकों की मौत हो गई। हादसा बीती रात को हुआ जबकि इसका पता आज दोपहर को लगा। मिली जानकारी के अनुसार मरने वालों में अधिकतर नाबालिग हैं। मृतकों की पहचान यस राय पुत्र रामलाल निवासी गांव सिमस, आयुष पुत्र विनोद कुमार निवासी गांव सिमस, पंकज पुत्र पराक्रम सिंह निवासी गांव गवाला, आदित्य पुत्र अजय कुमार निवासी गांव बलोटू, अर्नव पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी गांव गवाला और नूजू पुत्र नवीन राय निवासी गांव सिमस के रूप में हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। डीएसपी पधर लोकेन्द्र नेगी ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। कार में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। हादसा इतना भयानक था कि कार क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, पेट्रोल पंप के पास कार अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर नीचे खाई में गिर गई। पुलिस के मुताबिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)



पहला कॉलम...

मुख्यमंत्री निवास के दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए देवशरण सेन



राजनांदगांव (दावा)। रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के सदस्य देवशरण सेन शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें दीपोत्सव की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान देवशरण सेन ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भी आत्मीय भेंट कर दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस दौरान नेताओं के बीच प्रदेश के विकास, सामाजिक गतिविधियों और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए देवशरण सेन ने कहा कि दीपावली का पर्व प्रकाश, उत्साह, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में प्रेम, आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। समारोह में प्रदेश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। जहां सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

पत्रकार आफताब खान की माताजी मरियम बी का निधन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले के पत्रकार आफताब खान की माताजी मरियम बी (64 वर्ष) का 17 नवंबर को निधन हो गया। वे अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम बांधाबाजार की निवासी थीं। जानकारी के अनुसार मरियम बी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए राजनांदगांव स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पेंड्री) में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर जिला प्रेस क्लब सहित क्षेत्र के पत्रकार साथियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है। पत्रकार साथियों ने कहा कि माता का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है और इस कठिन घड़ी में पूरा पत्रकार परिवार आफताब खान व उनके परिजनों के साथ खड़ा है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

युवा व्यवसायी दानिश लालानी का आकस्मिक निधन



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी समीर लालानी के सुपुत्र दानिश लालानी का बुधवार को अचानक हृदयाघात (हार्टअटैक) से आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर से नगर के व्यापारी वर्ग सहित परिचितों, स्नेहीजनों और मित्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्व. दानिश की अंतिम यात्रा आज गुरुवार 19 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे उनके निज निवास से निकाली जाएगी। वे अपने पीछे शोकाकुल लालानी परिवार छोड़ गए हैं।

कलेक्टर ने विभागों में ई-फाइलें लंबित पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई, कहा- लंबित फाइलों के निराकरण में तेजी लाएं अधिकारी

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। कई विभागों में ई-फाइलें लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में इनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित निर्णय को बढ़ावा देना है, इसलिए फाइलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना उचित नहीं है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को नियमित रूप से ई-फाइलों की समीक्षा करने तथा संचालन में आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के पुराने 5 रूम पेइंग वार्ड का आधुनिकीकरण कर उसे आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाने तथा मरीजों के परिजनों के लिए पूर्णतः सुसज्जित प्रतीक्षालय विकसित करने के निर्देश दिए। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी केंद्रों की नियमित निगरानी करने को कहा। केंद्रों पर समर्थन मूल्य का बैनर, किसानों के बैठने के लिए छांव और पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध धान परिवहन व भंडारण रोकने के लिए चेकपोस्टों पर सख्त निगरानी रखने को कहा। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा के दौरान बैंकों द्वारा आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने बैंक अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निपटारा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में इस योजना के तहत अब तक 16 हजार 943 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 8 हजार 583 हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों के घरों में अब तक स्मार्ट नेट मीटर नहीं लगे हैं, उनकी पहचान कर शीघ्र मीटर स्थापित किए जाएं। इसके अलावा जल जीवन मिशन के पूर्ण हो चुके कार्यों के लंबित भुगतान प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए।

जनदर्शन और हेल्पलाइन के आवेदनों की हुई समीक्षा

बैठक में जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल और कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर ग्रामीण क्षेत्रों को मिली विकास कार्यों की बड़ी सौगात

जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने जताया आभार





राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण अंचलों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। स्वीकृत विकास कार्यों के तहत भोथीपार कला से भोथीपार खुर्द-अर्जुंदा मुख्य मार्ग तक 4.80 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 4 करोड़ 55 लाख 54 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह भोथीपार खुर्द से सिंघोला तक 2.30 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 19 लाख 95 हजार रुपये, बम्हनी से बाकल तक 2.20 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 97 लाख 17 हजार रुपये तथा उसरीबोड से भोथीपार खुर्द नावापारा तक 1.80 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 87 लाख 54 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसके अलावा रवेली से तोरणकटा पहुंच मार्ग के 1.20 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 55 लाख 52 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं तोरणकटा से ठाकुरटोला पहुंच मार्ग के निर्माण को भी मंजूरी मिली है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि उपज के परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। ग्रामीण क्षेत्रों की लंबे समय से महसूस की जा रही सड़क सुविधा की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन एवं अनुशंसा से क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर प्राथमिकता मिल रही है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलेगी और विकास को नई दिशा मिलेगी।

जो चीज आपके वश में हो, उसे ही देने का वादा करें : मुनि श्रेयांशप्रभ सागर



राजनांदगांव (दावा)। खरतर गच्छाधिपति आचार्य मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि व्यक्ति को केवल वही वस्तु या वचन देने का वादा करना चाहिए, जो उसके स्वयं के वश में हो। जो चीज आपके अधिकार या नियंत्रण में ही नहीं है, उसे आप किसी और को कैसे दे सकते हैं? वे गुरुवार को ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में आयोजित चातुर्मासिक धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि प्रवचन की कड़ी में जैन रामायण की कथा को आगे बढ़ाते हुए मुनि श्री ने कहा कि माता कैकेयी के लिए राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों पुत्र एक समान थे। उन्होंने कभी भी श्रीराम के वनवास जाने की इच्छा नहीं जताई थी। मुनि श्री ने प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि राजा दशरथ संयम (दीक्षा) ग्रहण करना चाहते थे और उनके साथ भरत व शत्रुघ्न भी संयम पथ पर जाने को तत्पर थे। भरत संयम न लें, इस उद्देश्य से कैकेयी ने उनके लिए राजपाट मांगा था। वहीं, श्रीराम ने स्वेच्छा से वनवास जाने का निर्णय इसलिए लिया था क्योंकि उन्हें ज्ञात था कि उनके अयोध्या में रहते भरत राजगद्दी स्वीकार नहीं करेंगे। इससे पूर्व धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने आत्म-कल्याण का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कम से कम 10 मिनट का समय स्वयं को दें और यह चिंतन करें कि इस संसार में हमारे आने का उद्देश्य क्या है और हमें क्या करना चाहिए। सोच-समझकर अपने कार्यों का निर्धारण करने से जीवन सार्थक होता है

अंडर-19 अंतर जिला क्रिकेट : रायपुर को 4 विकेट से हराकर राजनांदगांव सेमीफाइनल में



कल दिग्विजय स्टेडियम में प्लेट कंबाइंड छत्तीसगढ़ से होगी फाइनल में प्रवेश की जंग

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंडर-19 एकदिवसीय (50-50 ओवर) अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। राजनांदगांव ने अपने अंतिम लीग मुकाबले में मजबूत मानी जाने वाली रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन 'ब्लू' को 4 विकेट से परास्त कर अंतिम चार में जगह पक्की की। अब खिताबी भिड़ंत के लिए सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार 20 नवंबर को स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में राजनांदगांव और प्लेट कंबाइंड छत्तीसगढ़ के बीच खेला जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि एनएसजी कांकेर के मैदान में खेले गए अंतिम लीग मैच में रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रायपुर के सलामी बल्लेबाजों ने सधी हुई शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही पूरी टीम राजनांदगांव के स्पिन गेंदबाजों के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। प्रतियोगिता में पहली बार रायपुर की टीम अपने न्यूनतम स्कोर महज 119 रनों पर सिमट गई। राजनांदगांव की ओर से ऑफ-स्पिनर नीतीश यादव ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में मात्र 26 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। वहीं, सारांश सिन्हा ने महज 3 ओवर में 3 रन देकर 3 विकेट और सौरभ गौतम ने 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। 120 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव की टीम ने श्लोक चचाने के संयमित और नाबाद 52 रनों तथा लकी प्रजापति के उपयोगी 20 रनों की बदौलत 6 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही राजनांदगांव ने अपने चारों लीग मैचों में से तीन में जीत दर्ज कर पूरे 12 अंकों के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। टीम के इस शानदार प्रदर्शन में कोच हिमांशु झा और मैनेजर विवेक तिवारी का विशेष मार्गदर्शन रहा।





दूधिया रोशनी से जगमगाया शिवनाथ नदी पुल, लगे 16 नए विद्युत पोल

वार्ड नंबर 51 हल्दी के पार्षद चंद्रकृत साहू की मांग पर महापौर मधुसूदन यादव ने दी सौगात

हरदी (दावा)। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 51 (हल्दी) और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को अब रात के समय शिवनाथ नदी पुल से आवागमन करने में अंधेरे की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। वार्ड पार्षद चंद्रकृत साहू की मांग और क्षेत्रवासियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने त्वरित पहल करते हुए शिवनाथ नदी पुल पर 16 नए विद्युत पोल लगवाए हैं। जिससे पूरा पुल दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है।



आवागमन होगा सुरक्षित, जनसुविधाओं का हुआ विस्तार

पुल पर प्रकाश व्यवस्था होने से न केवल वार्ड नंबर 51 के रहवासियों, बल्कि इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों राहगीरों और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। रात के समय अंधेरा रहने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी, जो अब दूर हो गई है। जनसुविधा से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। वार्ड पार्षद चंद्रकृत साहू ने समस्त वार्ड एवं क्षेत्रवासियों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय और महापौर मधुसूदन यादव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

शुभांक

बी. के.
1-5-9
256-3 145-0
राजधानी
2-4-0
134-8 377-7
अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)

E-mail-eemohla-

// ई-प्रोक्योरमेंट //

निविदा आंमत्रण सूचना (रिस्क एंड कास्ट)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला मानपुर-अं.चौकी के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में रिस्क एवं कास्ट में अधूरे छोड़े कार्य जिसमें PVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्युल अनुसार) की निविदाए दिनांक 17.11.2026 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 25.11.2026 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 08.12.2026 (शाम 5.30 बजे) तक है।

निविदा में जारी एस.ओ.आर. **PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 05/2021.22 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू समस्त संशोधन सहित पर तैयार किया गया है।**

क्र.	निविदा क्रमांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	योजना/ ग्राम का नाम	निविदा की लागत(रू. लाख में)	निविदा आमंत्रण के प्रकार
1	117	204105	मानपुर	बसेली, तोलुम, कुम्हारी	90.26	चतुर्थ
2	118	204107	चौकी	खुर्सीटिकुल	38.38	षष्ठम
3	119	204108	मोहला	मरकाटोला, धनेगांव	19.36	सप्तम
4	120	204109	मानपुर	खुर्सेखुर्द	29.80	सप्तम
5	121	204110	मानपुर	परालझरी	31.06	सप्तम
6	122	204111	मानपुर	भर्रीटोला, ईरागांव, कहगांव	46.83	सप्तम
7	123	204112	मानपुर	चवेली, साल्हे, फूलकोड़ो	56.24	सप्तम
8	124	204113	मानपुर	खड़गांव, भटगांव	56.29	सप्तम
9	125	204114	मानपुर	गोदुलमुंडा	21.51	नवम
10	126	204115	मानपुर	कनेली, कोरकट्टी, हनईकलकला	21.53	नवम
11	127	204116	मोहला	बोदाल, जोबटोला, दनगढ़, कुम्हली	111.39	नवम
12	128	204117	चौकी	कातुलवाही	28.03	दशम
13	129	204118	मोहला	शेरपार, ककईपार, चांपाटोला	72.28	दशम
14	130	204119	मोहला	रेंगाकठेरा, देवसुर, करमोता	70.00	पंचम
15	131	204120	चौकी	मुंजाल, झिटिया, खड़खड़ी	61.388	नवम

जी- 262704583/4

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **चन्द्रीका पति परसुराम** जाति-लोहार निवासी ग्राम भड़सेना मकान नं. 77, वार्ड नं. 04, तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 4916651 जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। परन्तु मेरे नाम से जारी निर्वाचन कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **चन्द्रीका Chandrika** अंकित है, उक्त नाम गलत है। इसलिए अपने नाम से बना आधार कार्ड में **चन्द्रकला वैष्णव Chandrakala Vaishnav** अंकित है। उसे सुधार करवाकर **चन्द्रीका Chandrika** अंकित कराना चाहती हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव इस्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान-, दिनांक:-16/11/2026

आवेदिका
चन्द्रीका
निवासी भड़सेना तह. अं.चौकी
जिला-मो.मा.अं.चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **आनंद प्रकाश पिता-नकुल राम** जाति-तेली निवासी ग्राम धानापायली मकान नं. 75, वार्ड नं. 13, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर **आनंद प्रकाश साहू Anand Prakash Sahu** अंकित है। एवं परिचय पत्र में भी **आनंद प्रकाश साहू Anand Prakash Sahu** तथा जन्मप्रमाण पत्र में **आनंद राम Anand Ram** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **आनंद प्रकाश ANAND PRAKASH** अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिए मेरे नाम से बना आधार कार्ड में **आनंद प्रकाश साहू Anand Prakash Sahu** अंकित है। एवं परिचय पत्र में भी **आनंद प्रकाश साहू Anand Prakash Sahu** तथा जन्मप्रमाण पत्र में **आनंद राम Anand Ram** अंकित है। उसे सुधार करवाकर **आनंद प्रकाश ANAND PRAKASH** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः औंधी, दिनांकः-16/11/2026

आवेदक
आनंद प्रकाश
निवासी धानापायली, तह. अं.चौकी
जिला-मो. मा., अं.चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **खोमूराम यादव पिता-जगदेवराम** जाति-ठेठवार निवासी ग्राम छछपनपहरी मकान नं. 106, वार्ड नं. 07, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर **Purab kumar sahu** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **पुरब यादव PURAB YADAV** अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिए मेरे पुत्र के नाम से बना आधार कार्ड में **Purab kumar sahu** अंकित है। उसे सुधार करवाकर **पुरब यादव PURAB YADAV** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थानः-, दिनांकः-02/11/2026

आवेदक
खोमूराम यादव
निवासी छछपनपहरी, तह. अं.चौकी
जिला-मो.मा.अं.चौकी (छ.ग.)

कोढ़ीखाना की जमीन पर विकसित होगा खेल परिसर, जोगी नगर में पट्टा वितरण के लिए होगा सर्वे- महापौर

वार्ड निरीक्षण के लिए सुबह बसंतपुर व लालबाग पहुंचे महापौर, दिए कई विकास कार्यों के निर्देश

बसंतपुर तालाब में रेलिंग व स्पीड ब्रेकर तथा महेंद्र नगर में उद्यान जीर्णोद्धार के लिए बनेगा एस्टीमेट



राजनांदगांव (दावा)। शहर की सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से महापौर मधुसूदन यादव व नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम लगातार विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार सुबह महापौर और आयुक्त ने बसंतपुर व लालबाग क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा एवं पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कोढ़ीखाना क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए महापौर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा यह भूमि नगर निगम को सौंपी गई है, जिसे आधुनिक खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां विभिन्न खेलों के लिए मैदान तैयार होंगे। उन्होंने आयुक्त को मैदान के समतलीकरण, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने को कहा। महापौर ने आयुक्त और तहसीलदार श्री नाग के साथ जोगी नगर पहुंचकर नागरिकों से मुलाकात की।

रहवासियों द्वारा पट्टे की मांग किए जाने पर उन्होंने तहसीलदार को नियमानुसार सर्वे कर पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। बसंतपुर क्षेत्र में नागरिकों की मांग पर महापौर ने कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे को तालाब किनारे सुरक्षा रेलिंग लगाने तथा सड़क पर स्पीड ब्रेकर निर्माण की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूरी करने के निर्देश दिए। लालबाग क्षेत्र के प्रभात नगर में नाला सफाई की मांग पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को गैंग लगाकर तत्काल सफाई कराने को कहा गया। वहीं महेंद्र नगर में सड़क-नाली निर्माण का आश्वासन देते हुए उप अभियंता तिलक राज ध्रुव को स्थानीय उद्यान के जीर्णोद्धार (रेलिंग, मंच मरम्मत, पाथवे और प्रकाश व्यवस्था) के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और शिकायतों के त्वरित निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रानीसागर चौपाटी की 14 दुकानों के ताले तोड़कर चोरी, 12 घंटे के भीतर 6 नाबालिग धराए



गल्ले से नकदी, सिगरेट, गुटखा और कोल्ड ड्रिंक्स ले उड़े थे आरोपी, कमला कॉलेज चौक की दुकान को भी बनाया निशाना, बसंतपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से सुलझा मामला, आरोपियों के कब्जे से नकदी व चोरी का सामान बरामद

राजनांदगांव (दावा)। ठंड बढ़ने के साथ ही शहर में चोरों के हौसले बुलंद होने लगे हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने रानी सागर के समीप स्थित चौपाटी की 14 दुकानों को निशाना बनाते हुए ताले तोड़े और 12 दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकानों के गल्लों से नकदी के अलावा सिगरेट, पान मसाला, गुटखा, फ्रिज में रखी कोल्ड ड्रिंक्स और खाने-पीने का सामान पार कर दिया। इसके बाद चोरों ने कमला कॉलेज चौक के पास स्थित दुकानों के भी ताले तोड़े। हालांकि, बसंतपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर वारदात में शामिल 6 विधि से संघर्षरत बालकों (नाबालिगों) को धर दबोचा।

बांस से तोड़े सीसीटीवी कैमरे, फिर भी कैद हुई करतूत

सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो ताले टूटे देख हड़कंप मच गया। चौपाटी के अंदरूनी हिस्से की दुकानों को चोरों ने मुख्य रूप से निशाना बनाया, जिससे सड़क किनारे की दुकानों को इसकी भनक तक नहीं लगी। चोरों ने पहचान छिपाने के लिए बांस से दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया, लेकिन एक दुकान में अलमारी पर लगे दूसरे कैमरे में उनकी करतूत कैद हो गई।

चाइनीज सेंटर संचालक किशोर जंघेल और टी-स्टॉल संचालक महेंद्र ने बताया कि वारदात रात करीब डेढ़ बजे हुई। वहीं, कमला कॉलेज चौक स्थित गुरुकृपा पान दुकान का ताला तोड़कर चोर करीब 35 हजार रुपये नकद और अन्य सामान ले गए, जबकि चौपाटी की एक दुकान से करीब 6 हजार रुपये की कोल्ड ड्रिंक्स व सामान चोरी हुआ। दुकानदारों के अनुसार इस वारदात में उन्हें कुल लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गिरोह दिन में रेकी कर रात में चोरी को अंजाम देता है।

पुलिस ने 12 घंटे में दबोचे 6 नाबालिग आरोपी

पीड़ित दुकानदारों द्वारा बसंतपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस तत्काल हरकत में आई। बसंतपुर थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन ने बताया कि शिकायत पर अपराध क्रमांक 549/26 एवं 550/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 331(4), 305 और 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश व वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम ने 12 घंटे के भीतर 6 नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से एक हजार रुपये नकद और चोरी का सामान बरामद कर उन्हें किशोर न्याय बोर्ड (न्यायालय) के समक्ष पेश किया गया है।

पहला कॉलम...

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण : 11 दिसंबर तक लिए जाएंगे दावा-आपत्ति

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 का तिथिवार पुनरीक्षण-2027 कार्य संपन्न कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर एवं मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर को किया गया। दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक निर्धारित है। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी को किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के सभी विद्यालय, महाविद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2027 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा गया है। साथ ही 1 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर पात्र मतदाताओं के पंजीकरण को आसान बनाने तथा 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2027 के लिए अग्रिम आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए गए है। ऐसे युवा जो 1 जनवरी 2027 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे अथवा वर्तमान में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हो, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। वह विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को या अपने निवास क्षेत्र के मतदान केन्द्र में बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जोडऩे, नाम संशोधन करने अथवा नाम विलोपन हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट www.eci.nic.in, www.nvsp.in, www/voterportel.eci.eci.gov.in मोबाईल एप voter helpline ECINET के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन की कार्रवाई की जा सकती है।

कलेक्टर कर रहे रतजगा और सूखत के गबनकारी कर रहे मजा : रुपेश दुबे



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने धान खरीदी में हुए कथित सूखत फर्जीवाड़े को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एक ओर अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए कलेक्टर रतजगा कर कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर खरीदी के बाद हुए 49 करोड़ 71 लाख 16 हजार रुपये के सूखत फर्जीवाड़े पर कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने इस मामले की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने आरोप लगाया कि पिछले सत्र में धान खरीदी के दौरान सरकार वाहवाही लूटती रही, लेकिन सूखत के नाम पर चार जिलों में प्रथम दृष्टया करोड़ों रुपये की हेराफेरी उजागर हुई है। उन्होंने जिलेवार आंकड़े जारी करते हुए कहा कि राजनांदगांव में 4,825 मीट्रिक टन धान (अनुमानित राशि 14 करोड़ 95 लाख 75 हजार रुपये), मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी में 3,906 मीट्रिक टन धान (अनुमानित राशि 12 करोड़ 10 लाख 86 हजार रुपये), कवर्धा में 3,838 मीट्रिक टन धान (अनुमानित राशि 11 करोड़ 89 लाख 78 हजार रुपये) एवं खैरागढ़-छुईखदान, गंडई में 3,467 मीट्रिक टन धान (अनुमानित राशि 10 करोड़ 74 लाख 77 हजार रुपये) है।

रूपेश दुबे ने कहा कि ये सभी सीमावर्ती जिले हैं, जहां से अवैध धान परिवहन के साथ-साथ सूखत के नाम पर भी बड़े पैमाने पर गबन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के संरक्षण के चलते अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे शासन को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मांग की कि सूखत की प्रमाणित हेराफेरी मामले की जांच रिपोर्ट को तत्काल सार्वजनिक किया जाए और दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि धान के तस्करों, गबनकर्ताओं और उन्हें संरक्षण देने वालों को कड़ा सबक मिल सके।

मनकी और गठुला में धान खरीदी का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने ग्राम मनकी एवं गठुला स्थित धान खरीदी केंद्रों में विधिवत पूजा-अर्चना कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अन्नदाता किसानों का फूल-माला पहनाकर एवं शॉल भेंटकर आत्मीय सम्मान किया और उन्हें सुगम धान खरीदी के लिए शुभकामनाएं दीं। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। किसानों का सम्मान और उनकी समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार किसानों के हित में निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

अहीर शौर्य दिवस पर रेजांगला के 114 अमर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

रेजांगला का युद्ध भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम का स्वर्णिम प्रतीक : हरीश यादव

राजनांदगांव (दावा)। शहर के नया बस स्टैंड स्थित शहीद स्मारक स्थल पर बुधवार को 18 नवंबर 1962 के ऐतिहासिक रेजांगला युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले 114 अहीर वीरों की स्मृति में 'अहीर शौर्य दिवस' श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यादव समाज के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और शहरवासियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा कैंडल जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर उनके अद्वितीय बलिदान को नमन किया।



आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है वीरता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश यादव ने कहा कि 1962 का रेजांगला युद्ध भारतीय सैन्य इतिहास में अदम्य साहस और पराक्रम का स्वर्णिम प्रतीक है। 18 नवंबर का यह दिन अहीर समाज के गौरव, त्याग और शौर्य की गाथा की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि शून्य से भी नीचे तापमान और अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में हमारे वीर अहीर जवानों ने जिस मुस्तैदी व असीम वीरता से दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया, वह हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है।

अहीर रेजिमेंट के गठन की उठाई मांग

श्री यादव ने समाज से आह्वान किया कि वह अपने वीर शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखते हुए आपसी एकजुटता और राष्ट्रभाव को मजबूत करे। कार्यक्रम के दौरान यादव समाज की ओर से भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। इस गरिमामयी श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

कैबिनेट के दो बड़े फैसलों से राजनांदगांव में सुविधाओं का होगा विस्तार : कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों में राजनांदगांव जिले को दो बड़ी सौगातें मिली हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने इन फैसलों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार के इन कदमों से जिले में शिक्षा संबंधी सुविधाओं का विस्तार होने के साथ ही बाल संरक्षण एवं पुनर्वास की व्यवस्थाएं भी सुदृढ़ होंगी। श्री राजपूत ने बताया कि कैबिनेट बैठक में ग्रामीण नल-जल योजना के बेहतर संचालन के लिए 1000 से कम आबादी वाली ग्राम पंचायतों के नियमों में बदलाव तथा अबूझमाड़ के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 41 करोड़ रुपये के प्रावधान सहित कुल चार महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनमें से दो सीधे तौर पर राजनांदगांव जिले के हित में हैं।

पहले निर्णय के तहत राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का संभागीय कार्यालय स्थापित करने के लिए स्टेट हाईस्कूल परिसर की 264 वर्गमीटर भूमि आवंटित करने की मंजूरी दी गई है। इस कार्यालय के खुलने से जिले के विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बोर्ड से जुड़े कार्यों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

दूसरे निर्णय में बाल संरक्षण (सम्प्रेक्षण) गृह भवन के निर्माण के लिए कौरिनभांठा क्षेत्र में राजगामी संपदा की 24,090 वर्गफीट भूमि आवंटित करने की स्वीकृति दी गई है। इससे संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास, देखभाल और बेहतर भविष्य के लिए समुचित व्यवस्था विकसित हो सकेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा और बाल संरक्षण जैसे संवेदनशील विषयों पर प्रदेश सरकार की यह सकारात्मक पहल जिले को दीर्घकालीन लाभ पहुंचाएगी। उन्होंने राजनांदगांव के हित में लिए गए इन जनकल्याणकारी निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों में उत्साह, ऑनलाइन टोकन से मिल रही बड़ी राहत



राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी से जिले के किसानों में खुशी और उत्साह का माहौल है। धान उपार्जन केंद्रों में की गई सुचारू व्यवस्थाओं और मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन टोकन की सुविधा मिलने से किसानों को बिना किसी परेशानी के अपनी उपज बेचने में बड़ी सहूलियत हो रही है। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा निवासी किसान भेनलाल साहू स्थानीय उपार्जन केंद्र में 50 क्विंटल धान बेचने पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए शासन की किसान हितैषी नीतियों की सराहना की। किसान भेनलाल साहू ने बताया कि उनके पास 4 एकड़ 92 डिसमिल कृषि भूमि है। जिस पर इस वर्ष उन्होंने सरना और रूद्रा किस्म के धान की खेती की है। उन्होंने बताया कि धान बेचने के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ा और घर बैठे मोबाइल के जरिए आसानी से ऑनलाइन टोकन प्राप्त हो गया। केंद्र पहुंचने पर तौल व अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित मिली। जिससे धान विक्रय की पूरी प्रक्रिया बेहद सरल और सुविधाजनक रही। श्री साहू ने कहा कि शासन द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी किए जाने से किसानों को उनकी मेहनत का पूरा और बेहतर प्रतिफल मिल रहा है। साथ ही कृषक उन्नति योजना के तहत प्रति एकड़ 13 हजार 839 रुपये की आदान सहायता राशि मिलने से खेती की लागत वहन करने और कृषि कार्यों में निवेश करने में सीधा आर्थिक संबल मिल रहा है। उन्होंने इन जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

संविधान दिवस से पहले आबेडकर चौक स्थित संविधान प्रतिकृति का होगा कायाकल्प, महापौर ने किया निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। आगामी 26 नवंबर को मनाए जाने वाले संविधान दिवस के अवसर पर शहर के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक स्थित भारतीय संविधान की प्रतिकृति को आकर्षक, स्वच्छ और गरिमामय स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है।

इसी कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम के तकनीकी अधिकारियों तथा बौद्ध कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिकृति स्थल की धुलाई व साफ-सफाई, रंग-रोगन, आकर्षक विद्युत सज्जा और स्टील रेलिंग के सौंदर्यीकरण सहित अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बौद्ध कल्याण समिति, राजनांदगांव के अध्यक्ष दीपांकर खोबरागड़े अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिकृति स्थल को स्वच्छ और संविधान की गरिमा के अनुरूप विकसित करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रतिकृति केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के मूल्यों का प्रतीक है, इसलिए इसका रखरखाव भी उसी सम्मान और गरिमा के साथ होना चाहिए।

पेट्रोल पंप पर चालान मांगना पड़ा भारी, लाइट बंद कर टैंकर चालक की बेरहमी से पिटाई

हाथ-मुक्के, कड़े और अग्निशमन यंत्र के पाइप से हमले में चालक हुआ बेहोश, रिम्स अस्पताल रेफर, पंप मालिक, मैनेजर और एक कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज, जांच में जुटी सिटी कोतवाली पुलिस

राजनांदगांव (दावा)। शहर के महावीर चौक के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल खाली करने के बाद कंपनी में जमा करने के लिए चालान मांगना टैंकर चालक को भारी पड़ गया। आरोप है कि पंप मालिक, मैनेजर और एक कर्मचारी ने रात के समय पंप की लाइट बंद कर चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। हाथ-मुक्के, कड़े और अग्निशमन यंत्र के पाइप से किए गए हमले में चालक बेहोश हो गया। पीड़ित की शिकायत पर मंदिर हसौद थाने में शून्य पर प्राथमिकी दर्ज कर केस डायरी सिटी कोतवाली राजनांदगांव को हस्तांतरित की गई है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

चालान मांगने पर भड़के पंप संचालक व कर्मी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,



अधिकांश टैंकर रायपुर जिले के मंदिर हसौद डिपो से ईंधन लोड कर विभिन्न जिलों के पेट्रोल पंपों में खाली करने आते हैं। इसी कड़ी में टैंकर चालक शुभम कुमार (25 वर्ष) 14 नवंबर को मंदिर हसौद स्थित एचपीसीएल डिपो से पेट्रोल-डीजल लेकर राजनांदगांव पहुंचा था। महावीर चौक स्थित पेट्रोल पंप में ईंधन खाली करने के बाद शुभम ने कंपनी में जमा करने के लिए चालान की मांग की।

लाइट बंद कर किया जानलेवा हमला

शिकायत के मुताबिक, चालान मांगते ही पंप मालिक, मैनेजर और एक अन्य कर्मचारी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और तत्काल चालान देने से इनकार कर दिया। इस पर शुभम ने अपने ट्रांसपोर्टर के मैनेजर राजेश मिश्रा को फोन कर स्थिति की जानकारी दी। आरोप है कि इसी दौरान पंप मालिक कार्यालय से बाहर आया और कर्मचारियों से पंप की लाइट बंद करवा दी। इसके बाद तीनों ने शुभम को घेरकर हाथ-मुक्के, हाथ में पहने कड़े और अग्निशमन यंत्र के पाइप से हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

बेहोशी के बाद होश आने पर पहुंचा मंदिर हसौद

मारपीट से संबंधित मामले की केस डायरी मंदिर हसौद थाने से प्राप्त हुई है। पंप मालिक, मैनेजर व कर्मचारी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया गया है।

- उपेंद्र कुमार शाह, थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली, राजनांदगांव

लगातार मारपीट से चालक शुभम मौके पर ही बेहोश हो गया। कुछ देर बाद होश आने पर उसने ट्रांसपोर्टर मैनेजर को दोबारा फोन कर आपबीती बताई और किसी तरह टैंकर लेकर मंदिर हसौद पहुंचा। वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

अनमोल 'दावा'

"सच्चा सुख इच्छाओं की भीड़ में नहीं, संतोष और शांति में मिलता है।

भारत और आसियान

भारत दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान का सदस्य न होते हुए भी जिस तरह उसके सम्मेलनों में भागीदारी करता है और इस संगठन के देश इसे महत्ता प्रदान करते हैं, उससे भारत के बढ़ते कद का ही पता चलता है। चूंकि आसियान दक्षिण पूर्व के 11 एशियाई देशों का समूह है और भारत दक्षिण एशिया में स्थित है, इसलिए वह उसका सदस्य तो नहीं बन सकता, लेकिन इस संगठन के साथ अपने आर्थिक-व्यापारिक सहयोग को बढ़ाकर व्यापक लाभ अवश्य उठा सकता है और वह उसे उठाना ही चाहिए।

आसियान के संवाद भागीदार और रणनीतिक साझीदार के रूप में भारत को इस संगठन के साथ अपने संबंध और अधिक प्रगाढ़ करने को इसलिए प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि सभी सदस्य देश भारत के लिए एक बड़ा बाजार बन सकें। यह सही है कि भारत ने दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के साथ अपने संबंध बढ़ाने के लिए एक्ट ईस्ट पालिसी बना रखी है और इसके चलते इन देशों के साथ उसका व्यापार भी बढ़ा है, लेकिन इसकी अनदेखी भी नहीं की जा सकती कि भारत इन देशों को निर्यात कम करता है और आयात अधिक। चूंकि आसियान देश चीन के आर्थिक-व्यापारिक दबदबे के साथ उसकी अतिक्रमणकारी नीतियों से भी त्रस्त हैं, इसलिए भारत को इन देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर विशेष बल देना चाहिए।

भारत को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते उसने खुद को आसियान के नेतृत्व वाले मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा था। इसका एक बड़ा कारण यह आशंका थी कि इस समझौते में शामिल होने से भारत में चीनी सामग्री का आयात बढ़ जाएगा, लेकिन ऐसा तो अब भी हो रहा है। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। स्पष्ट है कि भारत को आसियान देशों के साथ मिलकर चीन के आर्थिक दबदबे का मुकाबला करने के लिए कमर कसनी ही होगी। इसमें भारतीय उद्यमियों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। भारत सरकार के नीति-नियंता और भारतीय उद्यमी इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि आसियान देश कई क्षेत्रों में कहीं आगे निकल गए हैं।

इसके चलते इन देशों के औसत लोगों का जीवन स्तर भी सुधरा है। चूंकि ये देश एक सशक्त आर्थिक समूह बन गए हैं, इसलिए विश्व के प्रमुख देश आसियान के मंच को अपने लिए एक अवसर के रूप में देख रहे हैं। आज जब भारत एक बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है और वह अपनी संतुलनकारी नीति के चलते तमाम अंतरराष्ट्रीय संगठनों में शामिल है, तब उसे आसियान जैसे उन समूहों को कहीं अधिक महत्व देना होगा, जो उसके लिए अधिक फलदायी हो सकते हैं। आसियान के बीच भारत इसलिए आसानी से अपना प्रभाव छोड़ सकता है, क्योंकि इस संगठन के सभी देशों में भारतीय संस्कृति का अच्छा-खासा प्रभाव है। इस सांस्कृतिक जुड़ाव का भी लाभ उठाया जाना चाहिए।

अभी भूख के खिलाफ भारत को लड़नी है लंबी जंग

(मनोज कुमार अग्रवाल)

भारत सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वर्तमान में लगभग 78.90 करोड़ से 81.35 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान कर रही है। इसके बावजूद वैश्विक भूख इंडेक्स 2026 में भारत 122 देशों में 100वें स्थान पर है। यह स्थिति चिंताजनक है। भारत का स्कोर 24.1 है, जो उसे भूख की गंभीर श्रेणी में रखता है। हाल ही में ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2026 रिपोर्ट जारी की गई है। इस साल की रिपोर्ट की थीम खाद्य सुरक्षा के बिना कोई सुरक्षा नहीं है। इस रिपोर्ट में दिए आंकड़े भारत में भूख के खिलाफ अभी लंबी लड़ाई का इशारा कर रहे हैं।

आपको बता दें कि इसे वेल्थंगरहिल्फे, रूर यूनिवर्सिटी बोचुम के इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल लॉ ऑफ पीस एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट और स्विस संगठन हेल्वेटास द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक अस्थिरता, जलवायु संबंधी संकटों और वैश्विक संघर्षों की वजह से दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य सुरक्षा का संकट गहरा गया है। पाकिस्तान सहित कई देशों में गंभीर स्तर पर भुखमरी का सामना करने की बात सामने आई है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2026 की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो दशकों में भुखमरी के खिलाफ जो वैश्विक प्रगति हुई थी, वह अब कई संकटों जैसे युद्ध, आर्थिक झटके और जलवायु परिवर्तन के कारण रुक गई है। इस वर्ष की वैश्विक रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष और आंकड़े काफी चिंताजनक हैं।

वैश्विक स्कोर में गिरावट साल 2026 के लिए दुनिया का सामूहिक वैश्विक भूख सूचकांक स्कोर 18.1 रहा है, जो मध्यम श्रेणी में आता है। हालांकि, यह 2018 के स्कोर (17.6) की तुलना में खराब है, जो यह दर्शाता है कि भुखमरी को खत्म करने की वैश्विक रफ्तार धीमी या बाधित हो गई है।

सबसे प्रभावित क्षेत्रः सब-सहारा अफ्रीका स्कोर 27.5 और दक्षिण एशिया स्कोर 23.5 में भुखमरी का स्तर अब भी सबसे गंभीर बना हुआ है। दुनिया के 32 देशों में भुखमरी की स्थिति 2018 की तुलना में अधिक बिगड़ी है। कुल 8 देशों बुरुंडी, चाड, कांगो, मेडागास्कर, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान और यमन को भुखमरी की चिंताजनक श्रेणी में रखा गया है, जिसमें सोमालिया का स्कोर सबसे खराब है।

इस सबके बावजूद पर्याप्त डेटा वाले कुल 122 देशों की सूची में भारत 100वें स्थान पर होना गौरव की बात नहीं है। वैश्विक भूख



सूचकांक में भारत 100वें स्थान पर 24.1 स्कोर के साथ गंभीर श्रेणी में रखा गया है जबकि नेपाल ने बेहतर प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल ने दक्षिण एशिया में सबसे उल्लेखनीय सुधार किया है। पाकिस्तान 106 वें स्थान पर 25.5 स्कोर के साथ गंभीर श्रेणी में सूचीबद्ध है। आपको बता दें कि भारत का स्कोर 24.1 है, जो यह दिखाता है कि देश में लंबे समय के सुधारों जैसे बाल कुपोषण में कमी के बावजूद चुनौतियां अब भी बेहद गंभीर हैं।

यह सूचकांक चार मुख्य मापदंडों पर आधारित होता है। भारत के संदर्भ में ये आंकड़े इस प्रकार हैं। अल्पपोषणः देश की कुल आबादी का 9.8 फीसद हिस्सा पर्याप्त कैलोरी नहीं पा रहा है। उम्र के हिसाब से कम लंबाईः 5 साल से कम उम्र के 29.3 फीसद बच्चे इसके शिकार हैं हालांकि यह साल 2000 के 50 फीसद से काफी बेहतर सुधार है।

लंबाई के हिसाब से कम वजनः भारत में यह दर लगभग 19 फीसद है, जो तीव्र कुपोषण को दर्शाती है। बाल मृत्यु दरः 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में मामूली गिरावट जारी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, खाद्य असुरक्षा और वैश्विक अस्थिरता का आपस में गहरा संबंध है। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया इजरायल ईरान अमेरिका के मध्य त्रिकोण तनाव ने वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। चरम मौसम और फसलों की नाकामी विकासशील देशों की खाद्य प्रणालियों को तोड़ रही है।

वैश्विक स्तर पर भोजन की महंगाई के कारण गरीब परिवारों को मजबूरन कम पौष्टिक खाना चुनना पड़ रहा है या भोजन छोड़ना पड़ रहा है। भारत के पिछड़े की स्थिति से निपटने के लिए नीतिगत सुझाव भी सामने रखे गए हैं। इन सुझावों में मुख्य खाद्य पदार्थों की प्राप्ति के अतिरिक्त आहार विविधता और बच्चों की वृद्धि को भी शामिल किया जाना चाहिए।मातृ पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल पर निरंतर ध्यान देना आवश्यक है।जिला-स्तरीय योजना के माध्यम से उन समुदायों की पहचान की जा सकती है, जिन्हें अधिक गहन सहायता की आवश्यकता है। पोषण कार्यक्रमों को स्वास्थ्य सेवा, उपक्रम, स्वच्छता और शिक्षा सेवाओं के साथ समन्वित ढंग से संचालित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रमों की समीक्षा में कहा गया है कि व्यय और अपेक्षाओं तक पहुँच के साथ-साथ पोषण की स्थिति में सुधार को भी दोगुना जाना चाहिए।ये आयाम से प्राप्त नीतिगत पद्धतियां हैं। इनका अर्थ यह नहीं है कि इंडेक्स किसी विशिष्ट सरकारी कार्यक्रम की प्राप्ति स्थापित करता है।

जरूरत इस बात की है कि गर्भावस्था और बच्चे के जीवन के पहले दो वर्षों के दौरान सहायता को प्राथमिकता दी जाए।पोषण संबंधी हस्तक्षेपों के माध्यम से स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल, पोषण तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों तक पहुँच बढ़ाई जाए। अग्रिम पंक्ति के अवसरों को पर्याप्त प्रशिक्षण, संसाधन और विद्वानों को उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचाने के लिए सहयोग दिया जाए।राष्ट्रीय सर्वेक्षण के साथ जिला-स्तरीय सर्वेक्षणों और कार्यक्रम निगरानी से प्राप्त जानकारी का उपयोग किया जाए।

जरूरतमंद परिवारों को संकटों से सुरक्षाः खाद्य सहायता और आजीविका सहयोग की व्यवस्थाओं में ऐसा प्रावधान हो कि अतिरिक्त परिस्थितियों के अनुसार सहायता बढ़ाई या समायोजित की जा सके। यह आकलन किया जाए कि हस्तक्षेपों से पोषण की स्थिति में मूल्यांकन योग्य सुधार हो रहा है या नहीं। जल प्रबंधन, भंडारण और विविध उत्पादन के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल उपायों को प्रोत्साहित किया जाए।

वैश्विक भूख सूचकांक 2026 भारत की पोषण संबंधी स्थिति में निरंतर प्रगति के साथ बनी हुई कमियों को सामने रखता है। नीतिगत प्राथमिक परिवारों, माताओं और बच्चों के लिए समन्वित सहायता के माध्यम से भोजन तक पहुँच को बेहतर पोषण परिणामों में उपलब्ध कराना चाहिए। रैंकिंग इस विषय की ओर ध्यान आकर्षित कर सकती है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई के लिए स्थानीय गवाही और जवाबदेह क्रियान्वयन आवश्यक हैं। देश में पात्र व्यक्तियों तक जो राशन पहुंचाया जा रहा, वो उन्हीं को मिल रहा है अथवा कोई और खा रहा है। यह देखना पड़ेगा। (हिफी)

हर खांसी की वजह सिर्फ 'प्रदूषण' नहीं!

वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर आज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। दिल्ली जैसे शहरों में ये समस्या और भी बड़ी है। हवा में मौजूद PM2.5, PM10 और दूसरे प्रदूषण सांस की नली को इरिटेट कर सकते हैं और फेफड़ों में सूजन पैदा कर सकते हैं।

इसके आम लक्षणों में लगातार खांसी, गले में खराश, सीने में जकड़न, घरघराहट और सांस लेने में तकलीफ शामिल है। ऐसे में ये समझना जरूरी है कि कब डॉक्टर से सलाह लेनी जरूरी है।

किन लोगों को होती है सबसे ज्यादा परेशानी?

अस्थमा, सीओपीडी, दिल के मरीज, बच्चों और बुजुर्गों को वायु प्रदूषण सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। हालांकि, इस बात को न भूलें कि जो लोग पूरी तरह से स्वस्थ हैं, उन्हें भी वायु प्रदूषण की वजह से सांस से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

डॉक्टर से कब मिलना चाहिए?

अगर आप प्रदूषित हवा से दूर रहते हैं, तो हल्की-फुल्की खांसी या गले की खराश अपने आप ठीक हो सकती है, लेकिन कुछ लक्षणों को बिल्कुल नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

अगर लगातार खांसी बनी रहे, घरघराहट की समस्या बार-बार हो, सांस फूलने की समस्या बढ़ती जाए, सीने में जकड़न महसूस हो, पहले से मौजूद सांस की कोई बीमारी और ज्यादा गंभीर हो जाए या आपको अपने रेस्क्यू इनहेलर की जरूरत सामान्य से ज्यादा बार पड़ रही है, तो डॉक्टर से मिलना जरूरी है।

इस गलतफहमी से बचें

कभी ये मानकर न बैठें कि हर खांसी या सांस लेने में परेशानी सिर्फ प्रदूषण की वजह से हो रही है। अगर आपके लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो यह अस्थमा, सीओपीडी, रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन या फेफड़ों से जुड़ी किसी दूसरी बीमारी का संकेत हो सकते हैं। इसलिए समय से अपने डॉक्टर से जांच कराएं और उनकी सलाह को फॉलो करें।



किन लक्षणों को अनदेखा न करें?

अचानक या बहुत गंभीर रूप से सांस फूलना
सीने में तेज दर्द होना
सांस लेने में इतनी ज्यादा कठिनाई हो कि बोलते समय परेशानी हो
होंठों का रंग नीला पड़ जाना
खांसते समय खून आना
बचाव के लिए जरूरी सावधानियां
घर से बाहर निकलने से पहले क्वालिटी चेक करें और ज्यादा प्रदूषण वाले दिनों में बाहर ज्यादा मेहनत वाले काम करने से बचें।
जिन इलाकों में ट्रैफिक ज्यादा हो, वहां जाने से बचें।
अगर आपको अस्थमा या सांस से जुड़ी कोई समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह के अनुसार इनहेलर का इस्तेमाल करें।
बिना डॉक्टर की सलाह के अपनी मर्जी से इनहेलर, एंटीबायोटिक्स या कफ सिरप न लें।

सामयिक चर्चा

राहुल की नासमझी

आज धूप में बैठे-बैठे खबर पढ़कर
बानी बोले-''गजाधर!
फिलीपीन्स की राजधानी
मनीला में स्कावड नेताओं की
बैठक को सम्बोधित करते हुए
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने
हमारे देश के प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदीजी को अपना मित्र बताया,
साथ ही उन्होंने मोदीजी को
दुनिया का महान नेता भी बताया।
ट्रम्प ने कहा-''दुनिया में हर कोई
उनका सम्मान करता है। ''
गजाधर इस पर,
आपका मन क्या कहता है?''
गजाधर मुस्कराए बोले-''बानी!
हम भी मोदीजी को वही कहते हैं
जो ट्रम्प उन्हें, महान नेता कहते हैं।
पर हमारे भारत की लोकसभा में
विपक्ष के नेता राहुल गांधी मोदी जी के लिए
क्या-क्या कुछ भी कहते हैं
आप भी खूब समझते हैं।
पर मुझे यह समझ नहीं आता बानी
कि राहुल यह क्यो नहीं समझते हैं,
क्यों यह नहीं जानते हैं
कि वे मोदी जी की
तरह-तरह से बुराई कर
अपने ही पैरो पर कुल्हाड़ी मारते हैं?''

बुधवार 18 नवम्बर 2026




गिरीश बख्शी

शब्द सामर्थ्य -53

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. कतार, क्रम, पंत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अवसर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भंवर 17. चाचा, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दान-दत्त करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिचर्चित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सौंगा, हद 24. सी का पार्श्वचा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पीपे आदि का उठतल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 52 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या	दे
वा		नी	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	ख	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	जी	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

सू- दोकू क्र. 53

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.52का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

राशिफल

मेष
कार्यों में तेजी बनी रहेगी. प्रबंधन पर फोकस रहेगा. पैतृक मामलों में पक्ष मजबूत होगा. लक्ष्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे. व्यापारिक मामलों में नजदीकी बढ़ेगी. सफलता से उत्साहित रहेंगे. परिवार में आनंद का माहौल रहेगा. जिम्मेदारियों को निभाने में आगे रहेंगे. लाभ और सम्मान में वृद्धि होगी. पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी. वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा. निजी मामलों में तेजी आएगी. आर्थिक गतिविधियों में भी गति बनी रहेगी.

वृष राशि
साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी. लंबी अवधि की कार्ययोजनाएं बेहतर बनेंगी. अवसरों का लाभ उठाने की सोच रहेगी. व्यापारिक लक्ष्यों को पूरा करने में सभी का सहयोग मिलेगा. व्यवहार में बड़प्पन बनाए रखेंगे. संपर्क और संवाद पर जोर रहेगा. अनुभवी लोगों की सलाह काम आएगी. महत्वपूर्ण कार्यों में तेजी आएगी. सभी के साथ मेलजोल बनाए रखेंगे. आस्था और अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी.

मिथुन
विवेक और सूझबूझ के साथ आगे बढ़ें. जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं. अचानक कुछ परेशानियां बढ़ सकती हैं. अपने व्यवहार में सहजता और सतर्कता बनाए रखें. व्यवस्था पर भरोसा रखें. स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें. कामकाज में धैर्य बनाए रखें. परिवार के सदस्यों और अनुभवी लोगों की सलाह लें. समझदारी से आगे बढ़ें. मित्रों का साथ और सहयोग मिलेगा. सकारात्मक सोच बनाए रखें. मिलने वाले संकेतों को नजरअंदाज न करें.

कर्क
महत्वपूर्ण कार्यों को शाम तक पूरा करने का प्रयास करें. करियर और कारोबार की स्थिति सामान्य से बेहतर रहेगी. साझेदारी से जुड़े मामलों में सक्रियता बढ़ेगी. दूसरों के साथ सहयोग का भाव रखेंगे. आसपास की परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी. विनम्रता और विवेक से काम लेंगे. जीवन में शुभता बढ़ेगी. उद्योग और व्यापार से जुड़े मामलों में सक्रिय रहेंगे. अपनी सोच बड़ी रखें.

सिंह
जरूरी कार्यों में लापरवाही न बरतें. शाम से परिस्थितियां और परिणाम अधिक सकारात्मक हो सकते हैं. मेहनत के दम पर कार्यक्षेत्र में अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहेंगे. परिश्रम से नए रास्ते खुलेंगे. सफलता आपकी मेहनत पर निर्भर करेगी. महत्वपूर्ण कामों को लंबित न रखें. अति उत्साह दिखाने से बचें. सहज गति से आगे बढ़ते रहें. उधार के लेनदेन से दूरी बनाए रखें. सूझबूझ और स्पष्टता से काम लें.

कन्या
महत्वपूर्ण चर्चाओं और बातचीत को शाम तक पूरा करने का प्रयास करें. मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे. सहयोग और सूझबूझ से आगे बढ़ने के रास्ते बनेंगे. कला और कौशल में निखार आएगा. रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी. मान-सम्मान का ध्यान रखेंगे. अपने कार्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे. सफलता उम्मीद से बेहतर मिल सकती है. समय का सही प्रबंधन करें. आकर्षक प्रस्ताव मिल सकते हैं.

तुला
समय में धीरे-धीरे सुधार होगा. दोपहर के बाद बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे. घर-परिवार के लिए समय निकालेंगे. बड़ों का सानिध्य मिलेगा. प्रबंधन से जुड़े मामलों में लाभ होगा. सहजता से आगे बढ़ते रहेंगे. सरकारी मामलों में सुधार के संकेत हैं. पैतृक मामलों को प्राथमिकता देंगे. बड़ों का सहयोग मिलेगा. अपनी दिनचर्या और व्यवस्था को मजबूत बनाए रखें. परिवार के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी. निजी मामलों पर ध्यान देंगे.

वृश्चिक
करियर और कारोबार में तेजी बनी रहेगी. भाई-बहनों और रिश्तेदारों के साथ सहयोग बनाए रखेंगे. विभिन्न मामलों में पहल और पराक्रम दिखाएंगे. साहस और आत्मविश्वास बढ़ेगा. सक्रियता से नए रास्ते बनाएंगे. साझेदारी से जुड़े मामले पक्ष में बनेंगे. टीमवर्क में रुचि दिखाएंगे. करीबियों और संबंधियों के साथ तालमेल बेहतर होगा. उनका समर्थन मिलेगा. शिक्षा से जुड़े प्रयास सफल हो सकते हैं. पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

धनु
आर्थिक और व्यापारिक कार्यों में तेजी आएगी. आकर्षक प्रस्ताव मिल सकते हैं. परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा. घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है. परिजनों की सलाह और सहयोग से आगे बढ़ेंगे. सभी का साथ और समर्थन मिलेगा. आपसी विश्वास मजबूत होगा. रिश्तों में सहयोग की भावना बढ़ेगी. बेकार की बातों से दूर रहें. प्रबंधन और प्रशासन से जुड़े काम बेहतर होंगे. जीवन में आनंद बना रहेगा. स्वास्थ्य और व्यक्तित्व पर ध्यान देंगे.

मकर
नई चीजें करने के प्रयासों में सहज रहेंगे. करियर और कारोबार को बेहतर दिशा देने में सफल होंगे. अपने लक्ष्य हासिल करने की कोशिशें सफल रहेंगी. कामकाज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे. पद-प्रतिष्ठा और साख में वृद्धि होगी. मान-सम्मान बना रहेगा. व्यक्तित्व और व्यवहार प्रभावशाली रहेगा. सभी को साथ लेकर चलेंगे. प्रशासनिक पक्ष मजबूत होगा. भूमि और भवन से जुड़े काम बनेंगे.

कुंभ
समय के साथ परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार होगा. बजट पर नियंत्रण बनाए रखेंगे. निवेश से जुड़े मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं. सूझबूझ के साथ काम करेंगे. कारोबार को आगे बढ़ाने के प्रयास करेंगे. लेनदेन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें. सहज गति से आगे बढ़ेंगे. पेशेवर रवैया अपनाएं. लेनदेन में सतर्कता बनाए रखें. नियमों का पालन करें और काम में निरंतरता रखें. दान-पुण्य में रुचि बढ़ेगी. विभिन्न कार्यों में सावधानी बरतेंगे.

मीन
समय से पहले काम पूरा करने का प्रयास करेंगे. आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी. उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे. लेनदेन से जुड़े मामलों में तेजी आएगी. विभिन्न मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे. प्रियजनों के साथ सुखद समय बिताएंगे. आकर्षक प्रस्ताव मिल सकते हैं. सूझबूझ और आपसी तालमेल से काम लेंगे. दूरदर्शिता बनाए रखेंगे.

ज्ञानामृत

उधार का जीवन

बगदाद का एक खलीफा राजकार्य और प्रजा की सेवा के बदले हर रोज शाम को खजांची से सिर्फ तीन दिरहम लिया करता था। उसके कर्मचारी को भी उससे अधिक मिलते थे, पर खलीफा का कहना था कि उसे घर चलाने के लिए इससे अधिक पैसों की जरूरत नहीं है। उसका परिवार कितनी ही विपदाओं में क्यों नहीं घिर गया, उसने कभी अपने कार्य के लिए इससे अधिक पैसा नहीं लिया।

एक दिन उनकी बेगम ने उनसे कहा- "यदि तुम मुझे तीन दिन की तनख्वाह पेशगी ला दो, तो मैं ईद पर बच्चों के लिए नए कपड़े बनवा लूं।" खलीफा बोले- "मैं तीन दिन की तनख्वाह पेशगी ले आऊंगा, पर इसके लिए तुम्हें खुदा से मेरी जिंदगी के तीन दिनों का पट्टा लाना होगा। यदि मैं तीन दिन जीवित नहीं रहा, तो कर्जा कौन चुकाएगा?" उनकी इस बात पर बेगम कहती तो क्या कहती?





30 लाख रुपये की लागत से बनेगा कलार समाज का भव्य सामुदायिक भवन

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य व सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ भूमिपूजन

डोंगरगांव (दावा)। कलार डड़सेना सिन्हा समाज को आगामी दिनों में सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए भव्य सामुदायिक भवन की सौगात मिलने जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा राजनांदगांव के बजरंगपुर वार्ड में भवन निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 30 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। मंगलवार को प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य और सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ इसका भूमिपूजन संपन्न हुआ। समारोह में पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर और भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। स्व. उभेराम सिन्हा द्वारा दान में दिए गए लगभग 53 डिसमिल भूभाग पर बनने वाले इस विशाल भवन के भूमिपूजन पर सामाजिकजनों ने अतिथियों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। अतिथियों ने स्थल का निरीक्षण कर आगामी 30 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह के भीतर भवन की ड्रॉइंग-डिजाइन कार्य एजेंसी नगर निगम में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

0 कलार समाज का गौरवशाली इतिहास : मंत्री जायसवाल

मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि सामुदायिक भवन समाज को एकजुट करने का सशक्त माध्यम होते हैं। समाज के



गौरवशाली इतिहास को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि कल्चुरी राजवंश के रूप में कलारों ने छत्तीसगढ़ में 800 वर्षों तक शासन किया। कल्चुरी राजाओं ने ही शिवनाथ नदी के दोनों ओर 18-18 गढ़ों का निर्माण कराया था, जिससे छत्तीसगढ़ नाम अस्तित्व में आया। उन्होंने बताया कि राजवंश की पहली राजधानी तुमान (सरगुजा), उसके बाद रतनपुर और फिर रायपुर रही। जबकि मां महामाया हमारी कुलदेवी हैं। उन्होंने युवाओं से अपने इतिहास से जुड़ने का आह्वान किया।

समाज की समरसता और विकास पर जोर

अध्यक्षता कर रहे सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में कलार समाज का व्यापक प्रभाव है और बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों के बाद समाज की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है। भवन निर्माण के लिए राशि दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि यह भवन आपसी मेलजोल बढ़ाएगा। उन्होंने समाज से अशिक्षा, गरीबी और रूढ़िवादिता को दूर करने की अपील भी की। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना ने समाज का प्रतिवेदन और प्रस्तावित भवन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोपाल सिन्हा (खैरा) और आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष बालकृष्ण सिन्हा (डोंगरगांव) ने किया। इस अवसर पर सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा, वार्ड पार्षद सावन वर्मा, समाज के संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, राजगामी उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, लता सिन्हा, जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा, मोतीलाल सिन्हा, सोनकुमार सिन्हा, हरिचंद गजेन्द्र, चंद्रिका सिन्हा, रमेश सोनवानी, नाथूराम सिन्हा, भागवत सिन्हा, खोमलाल सिन्हा, निर्मला सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, अनिता सिन्हा, हंसा सिन्हा, अमृता मोहन सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा, एकनाथ सिन्हा और देवजी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे।

शराब पीकर रोजाना मारपीट करता था पति, तंग आकर पत्नी ने कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या



मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के खड़गांव थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पति द्वारा आए दिन शराब के नशे में की जाने वाली मारपीट से तंग आकर पत्नी ने कुल्हाड़ी (टंगिया) से हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही खड़गांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपिया पत्नी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

रिश्तेदारों को फोन कर दी घटना की जानकारी

खड़गांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 नवंबर की सुबह जांगय बाई पति चमर सिंह (65 वर्ष) ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहू मालती बाई पुरामे ने गांव के मामा दलसू राम के मोबाइल से उसके बेटी-दामाद सुरेश कुमार को फोन कर घटना की सूचना दी। मालती ने बताया कि उसका पति कारजू राम शराब पीकर घर आया था और उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट करने लगा। रोज-रोज की प्रताड़ना से गुस्से में आकर उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से पति के चेहरे, गर्दन और सीने पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

खाट पर पड़ा मिला शव, पास ही पड़ी थी खून से सनी कुल्हाड़ी

सूचना मिलने पर जब जांगय बाई मौके पर पहुंची, तो देखा कि उसका बेटा कारजू राम पुरामे खाट पर मृत अवस्था में पड़ा था। कमरे की दीवारों पर खून के छींटे थे और खाट के नीचे खून से सनी कुल्हाड़ी पड़ी हुई थी। जांगय बाई की रिपोर्ट पर खड़गांव पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

24 घंटे में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुशील कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपिया मालती बाई पति स्व. कारजू पुरामे (27 वर्ष), निवासी सिवनी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपिया ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जब्त कर आरोपिया को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर दुर्ग जेल भेज दिया गया।

पहला कॉलम...

राहुल जैन बने छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ, जिला राजनांदगांव की जिला कार्यकारिणी में शासकीय प्राथमिक शाला अरसीटोला के सहायक शिक्षक एवं शैक्षिक समन्वयक (सीएसी) कोकपुर राहुल जैन को जिला कोषाध्यक्ष के महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया गया है. संघ के जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा द्वारा 12 नवंबर 2026 को जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार, प्रांतीय महासभा में पारित प्रस्ताव एवं प्रदत्त शक्तियों के तहत राहुल जैन की नियुक्ति आगामी निर्वाचन/नियुक्ति तक सर्वसम्मति से की गई है. यह नियुक्ति दो वर्ष के लिए प्रभावशील रहेगी, जिसे आवश्यकतानुसार तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा.

बता दें कि राहुल इससे पूर्व संगठन में ब्लॉक प्रवक्ता के दायित्व का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं. संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता, प्रभावी संवाद शैली, कार्यों के प्रति सजगता एवं प्रत्येक जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने की कार्यशैली उन्हें एक समर्पित संगठनकर्ता के रूप में स्थापित करती है. उनकी इस नियुक्ति पर शिक्षक साथियों, इष्टमित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं.

आज गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला स्तरीय बैठक गंडई में, संतों का मिलेगा मार्गदर्शन

गंडई-पंडरिया (दावा)। गौ माता के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान के उद्देश्य से संचालित 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार, 19 नवंबर को सुबह 11 बजे स्थानीय जैन भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में गौ संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और अभियान की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से मंथन होगा।आयोजन समिति ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में उत्तराखंड से पधार रहे महानंद बाबा श्री अच्युतानंद जी महाराज तथा पाटेश्वर धाम के नंदबाबा संत श्री रामबालक दास जी महाराज का विशेष मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त होगा। आयोजकों ने जिले के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रकृति प्रेमियों, गौ सेवकों और गौ रक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की है। साथ ही गंडई-पंडरिया के आसपास के ग्रामों और देवकर क्षेत्र के गौभक्तों से भी विशेष रूप से पहुंचने का आग्रह किया गया है। अभियान की आगामी रूपरेखा तैयार करने के लिए जिले की सभी तहसीलों, ग्रामों और मंडलों के प्रभारियों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विकासखंड संघ राजनांदगांव की नई कार्यकारिणी घोषित : दीपक सिन्हा बने अध्यक्ष

घुमका (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला संघ राजनांदगांव के अंतर्गत विकासखंड संघ राजनांदगांव की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। 17 नवंबर को जारी पदाधिकारी सूची के अनुसार दीपक कुमार सिन्हा को विकासखंड संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं घुमका के पीताम्बर लाल निषाद सहित तीन सदस्यों को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नई कार्यकारिणी में इन्हें मिली जिम्मेदारी

जारी सूची के अनुसार विकासखंड संघ के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष पीताम्बर लाल निषाद, कुशल खंडेलवाल एवं शैलेन्द्र रूसिया, विकासखंड कार्यकारी समिति अध्यक्ष मिलन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष रमेश दास साहू एवं आजीवन सदस्य प्रतिनिधि तोमेश्वर दास वर्मा को बनाया गया है।

संगठनात्मक गतिविधियों को मिलेगी नई गति

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रप्रेम जैसे गुणों के विकास के लिए निरंतर कार्य करता है। विकासखंड स्तर पर नई कार्यकारिणी के गठन से क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों के सुचारू संचालन और स्काउट-गाइड आंदोलन को आगे बढ़ाने में नई गति मिलेगी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज व संगठन से जुड़े लोगों ने बधाई दी है।

खैरझिटी और बघेरा में नवीन धान खरीदी केंद्रों का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। किसानों की सुविधा और ग्रामीण स्तर पर धान खरीदी व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से सेवा सहकारी समिति पदुमतरा के नवीन धान खरीदी उपकेंद्र ग्राम खैरझिटी में धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत सभापति एवं क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भैंसरा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, बच्चों ने दिखाया खेल का हुनर





डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत भैंसरा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ के पूर्व जनपद सदस्य रवि अग्रवाल शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ बीआरसी संतोष धुर्वे, भैंसरा सरपंच उतरा राजेश उईके, कलकसा सरपंच उमा विनोद धुर्वे, प्राचार्य राजेंद्र श्रीवास्तव, नंदेश्वर सर, अजय कुमार राणा, संकुल समन्वयक राजेश कुमार राजेकर, डी.आर. रावटे, कलकसा ग्राम प्रमुख नरोत्तम सिंह कुंजाम, भैंसरा ग्राम पटेल पवन पड़ोती, गजा ठाकुर और लिखन कुंजाम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संकुल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अनुशासन व टीम भावना का किया प्रदर्शन

खेलों से होता है आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। बच्चों को खेलते देख अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि वे भी विद्यार्थी जीवन में खो-खो और लंबी कूद खेला करते थे। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला मंच

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और बच्चों में खेल भावना विकसित करना रहा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संकुल के शिक्षकों, आयोजकों और ग्रामीणजनों का सराहनीय योगदान रहा।

महावीर स्वामी वार्ड से यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू' ने पेश की पार्षद पद की दावेदारी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज के समक्ष सौंपा आवेदन, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार बताया प्राथमिक लक्ष्य
० 32 वर्षों से कांग्रेस की सक्रिय राजनीति में हैं शामिल, दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के रहे हैं करीबी



खैरागढ़ (दावा)। नगरीय निकाय चुनाव की आहट के साथ ही शहर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। इसी कड़ी में शहर के सबसे हाई-प्रोफाइल माने जाने वाले महावीर स्वामी वार्ड (गोलबाजार, वार्ड क्रमांक 7) से यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू' ने कांग्रेस से पार्षद पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी दावेदारी के साथ ही वार्ड में विकास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा तेज हो गई है।

वार्ड का समग्र विकास और स्वच्छ वातावरण रहेगी प्राथमिकता

अपनी दावेदारी को लेकर यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू' ने कहा कि महावीर स्वामी वार्ड का समुचित और संतुलित विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल, नियमित साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड का विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनके सुझावों के अनुरूप प्रत्येक मोहल्ले तक विकास कार्य पहुंचाए जाएंगे।

तीन दशकों से अधिक समय से संगठन में सक्रिय

नगरीय निकाय चुनाव की हलचल के बीच वार्ड क्रमांक 7 में प्रत्याशी चयन और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। उल्लेखनीय है कि यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू' पिछले 32 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सक्रिय राजनीति में हैं। वे दिवंगत महारानी रश्मि देवी सिंह के समय से संगठन से जुड़े रहे हैं और दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के कट्टर समर्थकों में गिने जाते हैं। वर्तमान में वे खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के विधायक प्रतिनिधि और शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री के साथ-साथ जिला पत्रकार संघ एवं जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।

सी.जी. पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन

डोंगरगाँव (दावा)। स्थानीय सीजी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य फन फेयर (बाल मेला) का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, वहीं अभिभावकों ने भी उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रांगण में मुख्य अतिथि, शाला प्रमुख और विशिष्ट अतिथि पालकों द्वारा माँ सरस्वती तथा पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ और मुख्य अतिथियों ने पं. नेहरू के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अपने आशीर्वचन दिए. इस फन फेयर में कक्षा 5वीं से 8वीं (हिंदी माध्यम) और कक्षा तीसरी से 8वीं (अंग्रेजी माध्यम) के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. मेले का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रकार के पकवानों और चटपटे व्यंजनों के स्टॉल रहे। मेले में भेल, गुपचुप, पॉपकॉर्न, चाट, समोसा, कचौड़ी, सैंडविच, ढोकला, पेस्ट्री, मैगी, पास्ता, मोमोज, शेवपुरी, इडली, चाऊमीन, छोले भटूरे और रूट कस्टर्ड जैसे दर्जनों लजीज पकवानों का सभी ने लुत्फ उठाया.

कांग्रेस ने जारी की धान खरीदी केंद्रों की निगरानी व किसान सहयोग समितियों की सूची

गंडई-पंडरिया (दावा)। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों को होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान और व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए किसान कांग्रेस ने कमर कस ली है। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष देवराज किशोर दास वैष्णव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिला कांग्रेस (केसीजी) अध्यक्ष कोमल साहू, क्षेत्रीय विधायक यशोदा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन 'मन्नू' चंदेल तथा ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरज नामदेव की अनुशंसा पर क्षेत्र की विभिन्न धान खरीदी सोसाइटियों के लिए निगरानी एवं किसान सहयोग समितियों की सूची जारी कर दी है।

सोसाइटी वार नियुक्त किए गए समिति सदस्य

जारी सूची के अनुसार गंडई-पंडरिया क्षेत्र के 13 धान उपार्जन केंद्रों में निम्नलिखित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें गंडई से अमित टंडन, बांके वर्मा, तामेश्वर साहू, क्रांति ताम्रकार और कमलेश धुर्वे। लिमो से गोविंद धनकर, इमरान खान, झंगलू साहू, चैतू पटेल और मोहन साहू। बरबसपुर से तिलक वर्मा, रमहू साहू, पवन बघेल, राजू वर्मा और फुलेन्द्र साहू। हनईबन से मेघनाथ साहू, टमर सिंह, कल्याण साहू, लालराम साहू और रामसजन। पैलीमेटा से दिलीप नागवंशी, घूरेलाल नागवंशी, समल सिंह नेताम, दिनेश पाल और पीताम्बर वर्मा। धोधा से रामावतार वर्मा, श्यामसुंदर जंघेल, मोहन साहू, दुलार साहू और राजू जंघेल। दनिया से प्रदीप जंघेल, सम्पूरन टंडन, रोहित वर्मा, मुरली पोर्ते और ऋग्वेद साहू। भुरभुसी से कुमार साहू, हुलेश साहू, गोवर्धन साहू, द्वारिका साहू और मनोज साहू। सुखरी से सुखचंद डहरिया, प्रकाश बंजारे, भूखन जोशी, संतोष और हरिचंद। संबलपुर से हिमांचल चंदेल, तुलाराम जंघेल, हेमसिंह ठाकुर, कोमल भारद्वाज और युवराज चंदेल। कांशीटोला से बिसेलाल, हेमलाल, ईश्वर, बल्ला वर्मा और हीरा। मोहगांव से मोतीलाल मरकाम, धर्मेंद्र मंडावी, कुम्भलाल धुर्वे, संजू रजक और माधोराम वर्मा एवं ठंडार से सच्चिदानंद जंघेल, देवा जांगड़े और प्रकाश साहू आदि है।

हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में बाल मेला



मड़ई एवं राउत नृत्य के साथ शानदार आयोजन

डोंगरगाँव (दावा)। हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में 17 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष में आनंद बाल मेला का आयोजन किया गया. जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. आयोजन में सर्वप्रथम प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के तैलचित्र पर माल्यार्पण पूजन से बाल मेला प्रारंभ हुआ. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बड़ा, समोसा, आलूगोंडा, मुंगोड़ी, पानीपूरी, इडली, पकौड़ा, मेगी, चाऊमीन चाइनीज पकौड़ा एवं छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन हलवा, पूड़ी सब्जी, फरा, चिला आदि लगभग तीस स्टॉल तथा रिंग डालो इनाम पाओ एवं अन्य मनोरंजन खेल तथा परंपरागत वाद्य यंत्र के साथ मड़ई एवं राउत नृत्य का आयोजन किया गया. इस अवसर प्रमुख रूप एस एम सी पूर्व अध्यक्ष गंसु कोलियरे, लक्ष्मीनारायण साहू, अखिल पटेल प्रभारी प्राचार्य, व्याख्याता रामकलिंनद भुआर्य, विमलेश्वरी रामटेके, बसंत कुमार यादव, वीरेंद्र वैष्णव, मितेश डोंगरे, मृणालिका पांडे, भारती यादव, स्वाति बाला सोनी, पम्मी साहू, योगेंद्र कुमार साहू, भागवत प्रेमन, मुकेश उइके प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के समस्त स्टाफ तथा सैकड़ों ग्रामीण, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

० पटवारियों पर की गई दंडात्मक कार्रवाई निरस्त करने व लंबित 3 प्रतिशत डीए एरियर्स सहित देने की मांग
० मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) में लगे अभिहित अधिकारियों को मानदेय देने की उठाई आवाज

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन विकासखंड डोंगरगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ के माध्यम से सौंपा गया। फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक संतोष कुमार देवांगन के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है।

फेडरेशन की तीन प्रमुख मांगें

फेडरेशन ने कहा कि छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहा है। पटवारी राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, लेकिन संवाद के बजाय आंदोलन को दबाने के लिए एसीबी की कार्रवाई सहित अन्य दंडात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। फेडरेशन ने पटवारियों के विरुद्ध की गई समस्त दंडात्मक कार्रवाइयों को तत्काल निरस्त कर सम्मानजनक समाधान निकालने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते में वृद्धि का लाभ दे चुकी है, जबकि प्रदेश के शासकीय सेवक व पेंशनर अभी भी 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते से वंचित हैं। इसे केंद्र के समान देय तिथि से एरियर्स सहित प्रदान करने की मांग की गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) 2026 के तहत धरातल पर फार्म भरने, दावा-आपत्ति की जांच, बीएलओ से समन्वय और ऑनलाइन फीडिंग तक का पूरा कार्य अभिहित अधिकारी अपने निजी मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें भी नियमानुसार मानदेय प्रदान किया जाना चाहिए।

फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यदि इन तीनों मांगों पर शासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

पहला कॉलम...

अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने की उम्मीद से सोने और चांदी धड़ाम, करीब 3 प्रतिशत हुए सस्ते

मुंबई। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में दोनों कीमती धातुओं का दाम करीब 3 प्रतिशत कम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 4 दिसंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,34,223 रुपए प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 1,31,065 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। सुबह 11ः30 बजे यह 2,642 रुपए या 1.97 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,31,581 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,31,065 रुपए प्रति 10 ग्राम का न्यूनतम स्तर और 1,34,223 रुपए प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ है। जानकारों ने बताया कि सोने में कमजोरी की वजह दिसंबर में अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना है। इससे डॉलर मजबूत हो रहा है और सोने पर लगातार दबाव देखा जा रहा है। हालांकि, कीमतें अब 'ओवरसोल्ड' दायरे के करीब पहुंच रही हैं, जिससे अगर कोई सकारात्मक संकेत मिलते हैं, तो 'शॉर्ट कवरिंग' में तेजी आने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने आगे कहा कि तकनीकी रूप से, एमसीएक्स पर सोने को 1,35,500 रुपए के आसपास रुकावट का सामना करना पड़ रहा है, जबकि 1,33,000 रुपए पर एक सपोर्ट मौजूद है।

रूस में एयरपोर्ट के पास ही मिलिट्री एयरक्राफ्ट हुआ क्रैश, 17 लोगों की मौत

नई दिल्ली। मंगलवार को दक्षिणी रूस में एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी 17 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार,ृटु-12 सैन्य विमान एक स्थानीय हवाई अड्डे के पास, यागुनोवो गांव के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुआ। स्थानीय अधिकारियों और रूस के सरकारी चैनल %रेन टीवी% के अनुसार, 17 नवंबर को रूस का एकृटु-12 सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी 17 लोगों की मौत हो गई।

यह दुर्घटना दक्षिण-पश्चिमी साइबेरिया के केमेरोवो ओब्लास्ट में यागुनोवो गांव के पास हुई। कुज़बास के गवर्नर इल्या सेरेड्युक ने बताया कि यह हादसा स्थानीय समयानुसार रात लगभग 9:30 बजे हुआ। सेरेड्युक ने कहा कि दुर्घटनास्थल पर एक आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र (इमरजेंसी रिस्पॉन्स सेंटर) बनाया गया है, जहां चिकित्सा कर्मी, पुलिस, आपातकालीन सेवाएं और नेशनल गार्ड के जवान तैनात किए गए हैं। 'रेन टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार, विमान के चालक दल ने आखिरी पल तक जलते हुए विमान को रिहायशी इलाकों से दूर ले जाने की कोशिश की।

धोनी के सम्मान में जगमगाया चेन्नई का आसमान, ड्रोन से लिखा 'थाला फॉरएवर'



चेन्नई । भारतीय क्रिकेट के महान कप्तानों में शामिल महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल से संन्यास लेने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य) ने उन्हें बेहद खास अंदाज में सम्मानित किया। मंगलवार, 17 नवंबर की रात चेन्नई के ऐतिहासिक चेपॉक स्टेडियम के ऊपर भव्य ड्रोन शो आयोजित किया गया, जिसे मरीना बीच के आसपास से भी देखा गया। इस दौरान सैकड़ों रोशनी वाले ड्रोन ने आसमान में धोनी का चेहरा, उनका प्रसिद्ध हेलीकॉप्टर शॉट, विकेटकीपिंग के यादगार पल और जर्सी नंबर 7 की आकृति बनाई। सबसे खास पल तब आया, जब आसमान में बड़े अक्षरों में 'थाला फॉरएवर' चमक उठा। इस शानदार नजारे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को आधिकारिक रूप से पुष्टि की कि महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल में खिलाड़ी के रूप में अपना सफर समाप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही फ्रेंचाइजी ने घोषणा की कि धोनी आईपीएल 2027 से टीम के मेंटोर की जिम्मेदारी संभालेंगे। इस घोषणा के बाद ष्टस्य ने अपने सबसे लोकप्रिय खिलाड़ी के सम्मान में विशेष ड्रोन शो आयोजित किया। आयोजन के दौरान आधुनिक तकनीक की मदद से रात के आसमान में धोनी के क्रिकेट करियर के यादगार दृश्य उकेरे गए। फ्रेंचाइजी ने इस कार्यक्रम की झलक अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की। इसके साथ 'थाला फॉरएवर' हैशटैग का इस्तेमाल किया गया।

IPL 2027 की नीलामी का ऐलान, 16 दिसंबर को गोवा में लगेगी बोली

नई दिल्ली। आईपीएल 2027 का ऑक्शन 16 दिसंबर को गोवा में होने वाला है। नीलामी से पहले सभी टीमों ने अपनी रिटेंशन लिस्ट जारी कर दी है। कुछ टीमों ने चौंकाने वाले नाम रिलीज किए हैं। वहीं कुछ प्लेयर्स को टीमों ने ट्रेड के जरिए अपने साथ जोड़ा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पहले ही नीलामी की जगह का एलान कर दिया था।

अब बोर्ड ने ऑक्शन के समय का भी एलान कर दिया है। आईपीएल ने एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। आईपीएल 2027 का ऑक्शन भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसी दिन भारत और श्रीलंका के बीच वनडे मैच भी खेला जाएगा, जो बेंगलुरु में होगा।

आईपीएल ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर टाइमिंग की जानकारी दी है। आईपीएल ने लिखा, अगली बड़ी बोली के लिए मंच तैयार है। टाटा आईपीएल 2027 का प्लेयर ऑक्शन 16 दिसंबर 2026 को गोवा में होगा।

आईपीएल के लिए रिटेंशन लिस्ट से पहले फैंस को उस समय झटका लगा, जब एमएस धोनी ने संन्यास का एलान कर दिया। धोनी आईपीएल 2025 में कोई भी मैच नहीं खेला था और ऐसे में उन्होंने संन्यास का एलान कर दिया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जेकब डफी, जितेश शर्मा, जॉर्डन कॉक्स, जोश हेजलवुड, कनिष्क चौहान, कृणाल पांड्या, नुवान तुषारा, फिल सॉल्ट, रजत पाटीदार, रसिख डार, रोमारियो शेफर्ड, सुयष शर्मा, टिम डेविड, वेंकटेश अय्यर, विकी ओस्वाल, विराट कोहली और यश दयाल।



गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल, जोस बटलर, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, टॉम बैंटन, अनुत रावत, कुमार कुशाग्र, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, जयंत यादव, मोहम्मद अरशद खान, राशिद खान, साई किशोर, मानव सुथार, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षल पटेल, गुरनूर बराड़।

दिल्ली कैपिटल्स : आशुतोष शर्मा, आकिब डार, अक्षर पटेल, डेविड मिलर, केएल राहुल, काइल जैमिसन, लुंगी एनगिडी, माधव तिवारी, मुकेश कुमार, पृथ्वी शॉ, ऋषभ पंत, समीर रीजवी, टी विजय, ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम और जीशान अंसारी।

राजस्थान रॉयल्स : यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, ध्रुव जुरैल, लुहान ड्री प्रीटोरियस, अमन राव पेराला, डोनोवान फरेरा, शुभम दुबे, दासुन शनाका, रवींद्र जडेजा, यश राज पूंजा, जोफ्रा आर्चर, मोहम्मद शमी, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, मनिमारन सिद्धार्थ, ब्रीजेश शर्मा, संदीप शर्मा और सुशांत मिश्रा।

पंजाब किंग्स : अजमतुल्लाह ओमरजई, बेन ड्वारहुईस, कूपर कोनोली, हार्दिक पांड्या, हरनूर पन्नू, हरप्रीत बरार, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, मुशीर खान, प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य, शशांक सिंह, श्रेयस अय्यर, सुर्याष शेडगे, विष्णु विनोद, वैशाक विजयकुमार, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर और युजवेंद्र चहल।

कोलकाता नाइट राइडर्स : अंगकृष रघुवंशी, अनुकूल रॉय, कैमरन ग्रीन, फिन एलेन, हर्षित राणा, कार्तिक त्यागी, मनीष पांडे, प्रशांत सोलंकी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, रोवमैन पॉवेल, सार्थक रंजन, सौरभ दुबे, सुनील नरेन, टिम सीफर्ट, वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती।

सनराइजर्स हैदराबाद : अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, अनिकेत वर्मा, हेनरिच क्लासेन, नीतिश कुमार रेड्डी, स्मरण रविचंद्रन, सलील अरोड़ा, पैट कमिंस, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, एहसान मलिंगा, खलील अहमद, क्रैन्स फुलेट्रा, नाथन एलिस, प्रफुल हींगे, साकिब हुसैन, शिवांग कुमार और टी नटराजन।

मुंबई इंडियंसः अर्शदीप सिंह, अश्विनी कुमार, कॉर्बिन बॉश, जसप्रीत बुमराह, मिचेल सैंटनर, नमन धीर, क्विंटन डी कॉक, रघु शर्मा, राज अंगद बावा, रोहित शर्मा, रेयान रिकलटन, शार्दुल ठाकुर, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और विल जैक्स।

चेन्नई सुपर किंग्स : अकील हुसैन, अंशुल कंबोज, आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, गुरजपनीत सिंह, जैक एडवर्ड्स, जैमी ओवर्टन, कार्तिक शर्मा, लियाम लिविंगस्टन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, राहुल चाहर, रामकृष्ण घोष, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सरफराज खान, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल और उर्विल पटेल।

लखनऊ सुपर जायंट्स 3 अब्दुल समद, एडेन मार्करम, आकाश सिंह, अक्षत रघुवंशी, अर्जुन तेंदुलकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, दिग्वेश राठी, जोश इंग्लिस, कुलदीप यादव, मयंक यादव, मिचेल मार्श, मोहसिन खान, मुकुल चौधरी, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, सैम करन और शाहबाज अहमद।

फुटबॉल : भारत के खिलाफ मैच में फिलिस्तीन के खिलाड़ियों पर नस्लवाद का आरोप

नई दिल्ली । भारत ने कुआलालंपुर में खेले गए एफसी अंडर-17 एशियन कप 2027 क्वालिफायर में फिलिस्तीन को 4-1 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय कप्तान डब्लालमुऑन गंगटे को नस्लभेदी व्यवहार का सामना करना पड़ा। घटना के कैमरे में रिकॉर्ड होने के बाद भी रेफरी ने कोई एक्शन नहीं लिया। मुकाबले में भारत और फिलिस्तीन दोनों टीमें क्वालिफाइंग रूप में टॉप स्पॉट के लिए लड़ रही थीं। इस वजह से दोनों टीमें एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास कर रही थीं। इस दौरान फिलिस्तीनी खिलाड़ी बार-बार भारतीय खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से चुनौती देने और परेशान करने की कोशिश कर रहे थे। विवाद तब बढ़ गया जब फिलिस्तीन के नंबर 19 खिलाड़ी को भारतीय कप्तान डब्लालमुऑन गंगटे के पास नाक पर पंखा झलते हुए देखा गया। इस हरकत को नस्लभेदी माना गया। लाइव ब्रॉडकास्ट में दिखने के बावजूद, मैच अधिकारियों ने इस घटना पर



बिना किसी कार्रवाई के खेल जारी रहने दिया।

फिलिस्तीनी खिलाड़ी मोहम्मद जमहूर ने नौवें मिनट के आस-पास एक भारतीय खिलाड़ी को पीछे से दो बार लात मारी और फिर फुटबॉलर के जमीन पर गिरने के बाद उसके हाथ पर पैर पटक दिया। इस घटना के बाद रेफरी ने फिलिस्तीन के खिलाड़ी को रेड कार्ड दिया था। मैच के दौरान इन तनावपूर्ण क्षणों को बावजूद भारतीय टीम ने अपना धैर्य नहीं खोया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 के अंतर से जोरदार जीत हासिल की।

भारतीय टीम की तरफ से 7वें मिनट में पहला गोल कंबोहाओ ने किया। इंटरवल से पहले यजान खलीफा ने पेनल्टी को गोल में बदलकर फिलिस्तीन को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद भारी बारिश के कारण मैच में थोड़ी देर के लिए रुकावट आई। मैच शुरू होने के बाद भारत ने 51वें मिनट में दूसरा गोल दाग बढ़त बनाई। मुकुंदो ने बेहतरीन गोल दागा।

फ्रेंडली मैच में अर्जेंटीना ने कोस्टा रिका को 7-0 से हराया

ब्यूनस आयर्स । निको पाज, जूलियन अल्वारेज और फैंको मास्टैंटुओनो के दो-दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने एक मैत्री मैच में कोस्टा रिका को 7-0 से हरा दिया। कोस्टा रिका ने एक तिहाई से भी कम पजेशन पर कंट्रोल किया। टीम मुश्किल से अपने अटैकिंग थर्ड में घुस पाई। गेम शुरू होने के सिर्फ सात मिनट बाद, पाज ने पेनल्टी एरिया के किनारे पर एक रिबाउंड पर झपट्टा मारा और एक शानदार फिनिश के साथ पहला गोल किया।



गोल के बाद के मिनट पूरी तरह से लियोनेल स्कालोनी की टीम के कंट्रोल में थे, जिन्होंने मिडफील्डर्स के बीच बॉल को मूव किया और विंग्स से अटैक करने की कोशिश की। इसके बावजूद, कोस्टा रिका ने एक काउंटर-अटैक के बाद कप्तान एमिलियानो मार्टिनेज को एक शानदार सेव करने पर मजबूर कर दिया।बाद में, लगभग 30 मिनट के बाद, नेशनल टीम ने एक और अच्छा अटैकिंग खेल दिखाया। कुछ देर बाद, एन्जो फर्नांडीज की एक शानदार थ्रू बॉल और गिया के विंग से नीचे दौड़ने के बाद, जूलियन अल्वारेज को पास मिला और उन्होंने मैच का दूसरा गोल किया। फिर, पाज ने एक सोलो रन बनाया, एक डिफेंडर को पीछे छोड़ते हुए, अंदर कट करते हुए, और एक जोरदार शॉट मारा जो पैट्रिक सेब्रेरा को छकाते हुए टॉप कॉर्नर में चला गया। पहला हाफ 4-0 के साथ समाप्त हुआ। दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद, फैंको मास्टैंटुओनो ने पास के पोस्ट पर गोलकीपर को पीछे छोड़ते हुए एक लो शॉट मारा, जिससे अर्जेंटीना के लिए उनका दूसरा और पांचवां गोल हुआ।

दूसरे हाफ के बीच में, नेशनल टीम ने बॉल पर कब्जा बनाए रखा और विंग्स से अटैक किया। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने पेनल्टी एरिया में दो डिफेंडरों को छकाते हुए छठा गोल किया। गेम के आखिर में, मास्टैंटुओनो ने फिर से गोल किया। गिउलिआनो शिमोन के साथ वन-टू के बाद, मिडफील्डर ने सटीकता से गोल करके 7-0 की जीत पक्की कर दी।


अर्शदीप सिंह ने ICC ODI रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग, न्यूजीलैंड सीरीज के बाद टॉप-20 में मारी एंट्री

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खत्म होने के बाद आईसीसी की ताजा रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने लंबी छलांग लगाई है। वह 12 पायदान की छलांग लगाकर गेंदबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से 19वें नंबर पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अर्शदीप को रैंकिंग में फायदा मिला है। वहीं अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान अभी भी पहले नंबर पर बने हुए हैं। इसके अलावा, न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी भी 15 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर आ गए हैं। उनके साथी खिलाड़ी काइल जैमीसन 15 स्थान की छलांग लगाकर 45वें नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में टॉम बैंटन ने शानदार शतकीय पारी खेली थी, जिसका उन्हें आईसीसी रैंकिंग में बहुत बड़ा फायदा मिला है। एडिलेड में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने 99 गेंदों पर 121 रनों की बेहतरीन पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी, जो उनके वनडे करियर का दूसरा शतक था।



अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बनाई एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह, बेन शेल्टन को हराया

ट्यूरिन । अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने राउंड-रॉबिन मुकाबले में बेन शेल्टन को हराकर साल 2026 के एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। जर्मन खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेल्टन को 6-2, 7-6(4) से हराया। एक घंटे और 34 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत के साथ ही उन्होंने अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली। ज्वेरेव इस प्रतिष्ठित सीजन-एंडिंग टूर्नामेंट में नौवीं बार हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने 2018 में लंदन में और 2021 में ट्यूरिन में ट्रॉफी जीती थी। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, 2018, 2019, 2021 और 2024 के बाद यह पांचवीं बार है जब वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। शेल्टन, जो लगातार दूसरे साल इस सीजन-फिनाले में खेल रहे हैं, अब जॉन मैकेनरो रूप में 1-1 की स्थिति में हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने रविवार को आर्थर फिल्स को हराकर एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। अब उनका ध्यान गुरुवार को राफेल



जोडार के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर है। खचाखच भरे इनल्पी एरिना में ज्वेरेव ने पहले सेट की तेज शुरुआत की। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले ही गेम में शेल्टन की सर्विस तोड़कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। इसके बाद पांचवें गेम में उन्होंने शेल्टन की सर्विस को एक बार फिर तोड़ा और सेट में 4-1 की बढ़त बना ली।

दूसरा सेट काफी कड़ा रहा, जिसमें सर्विस का दबदबा देखने को मिला। 4-4 के स्कोर पर, 15/40 के मौके पर ज्वेरेव के पास सेट का पहला ब्रेक प्वाइंट था। अगर वह इसे जीत जाते, तो उन्हें मैच के लिए सर्विस करने का मौका मिल जाता। हालांकि, शेल्टन ने शानदार वॉली और फिर एक ऐस की मदद से इन मौकों को टाल दिया और अंततः 5-4 की बढ़त ले ली। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, ज्वेरेव ने टाई-ब्रेक में अपना संयम बनाए रखा और एक जबरदस्त फोरहैंड शॉट लगाकर सीधे सेटों में जीत हासिल की। इसके साथ ही, इस सीजन में उनकी जीत की संख्या 67 हो गई है, जो टूर पर अब तक की सबसे अधिक जीत है। टूर के सबसे बेहतरीन सर्वरों में से एक के खिलाफ खेलते हुए इनल्पी एरिना में ज्वेरेव की अपनी सर्विस भी उतनी ही शानदार रही। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी सर्विस पर केवल 10 पॉइंट गंवाए (57 में से 47 पॉइंट जीते) और 14 ऐस लगाए, जबकि शेल्टन ने 15 ऐस लगाए।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

साय कैबिनेट के 4 फैसले; अबूझमाड़....

का प्रावधान प्रस्तावित है। कॉलेज शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुरू हुआ है। इसके लिए छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम, 2006 के तय नियमों में छूट देने की मंजूरी भी दी गई है। इस फैसले से अबूझमाड़ और आसपास के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों के छात्रों को उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी।

0 राजनांदगांव में बाल सुधार गृह के लिए जमीन आवंटित होगीः कैबिनेट ने राजनांदगांव में बाल सुधार गृह भवन बनाने के लिए महिला-बाल विकास विभाग को जमीन देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके लिए राजनांदगांव तहसील के ग्राम कौरिनभांठा में राजगामी संपदा की खसरा नंबर 284 की 0.223 हेक्टेयर यानी 24,090 वर्गफीट जमीन आवंटित की जाएगी। नया भवन बनने से कानून से जुड़े मामलों में शामिल बच्चों के रहने, देखभाल, परामर्श, पढ़ाई और पुनर्वास की सुविधाएं बेहतर होंगी।

0 राजनांदगांव में बनेगा शिक्षा मंडल का संभागीय दफ्तरः कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय कार्यालय की स्थापना के लिए राजनांदगांव में जमीन आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके तहत राजनांदगांव शहर के बल्देव बाग स्थित स्टेट हाईस्कूल परिसर की 264 वर्गमीटर जमीन माध्यमिक शिक्षा मंडल को दी जाएगी। इस कार्यालय के शुरू होने से स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और स्कूल-कॉलेजों को मंडल से जुड़ी सेवाएं स्थानीय स्तर पर आसानी से मिल सकेंगी।

छत्तीसगढ़ में लोहा कारोबारियों....

यहां भी सुबह से जांच की कार्रवाई जारी है। इसके अलावा रायगढ़, जांजगीर-चांपा और अंबिकापुर में भी कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की सूचना है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग ने अलग-अलग जिलों में समन्वित तरीके से यह कार्रवाई की है। एक दर्जन से अधिक टीमों के जांच में शामिल होने की बात सामने आई है। फिलहाल विभाग की ओर से छापेमारी के कारणों, जांच के दायरे और अब तक मिले दस्तावेजों या अन्य साक्ष्यों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। आयकर विभाग की जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह कार्रवाई किन वित्तीय अनियमितताओं या कर संबंधी मामलों की पड़ताल के लिए की गई है और इससे क्या तथ्य सामने आए हैं।

राहुल गांधी अमेरिका में बोले- भारत....

शिक्षा हासिल की है। हम इस पर अध्ययन कर रहे हैं और इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी सबसे अहम वजह यह है कि उन्हें अपना भविष्य नजर नहीं आता। युवा और माता-पिता के बीच फासला बड़ाः राहुल ने कहा, 'करियर को लेकर युवाओं और उनके माता-पिता के बीच दूरी बढ़ रही है। युवा पिछली पीढ़ी की सलाह और उसके अनुभवों पर सवाल उठा रहे हैं। वे अपने माता-पिता से यह कह रहे हैं- आप सफल नहीं थे। आप हमें वह करने के लिए नहीं कह सकते, जो आपने किया, क्योंकि आज के समय में वह फॉर्मूला काम नहीं करता।'

भारत-जापान साझेदारी दुनिया की....

जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान दोनों ही प्रमुख क्षेत्रों में सुदृढ़ और भरोसेमंद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने की जरूरत को समझते हैं। कनेक्टिविटी, चोक पॉइंट्स और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों में गैप जैसे मुद्दों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने इस साल जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की भारत यात्रा का भी उल्लेख किया। कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग, आर्थिक सुरक्षा, एनर्जी फ्लेक्सिबिलिटी, प्रौद्योगिकी और नवाचार तथा लोगों के बीच अधिक संपर्क दोनों देशों की साझेदारी के तहत आगे भी फोकस में रहेंगे। जयशंकर ने बताया कि 2027 में भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ होगी। इसे इंडिया-जापान ईयर ऑफ शेयर्ड होराइजन्स के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें युवाओं को विभिन्न स्मारक गतिविधियों के केंद्र में रखा जाएगा। नागोया में एशियाई खेलों के दौरान भारत और जापान के बीच ऐतिहासिक क्रिकेट मैच ने इन उत्सवों की शुरुआत कर दी है। अपने संबोधन के अंत में विदेश मंत्री ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को याद किया। उन्होंने कहा, पीएम आबे का भाषण ही था, जो अंततः इंडो-पैसिफिक को एक भू-रणनीतिक अवधारणा के रूप में आगे बढ़ाने का कारण बना। अगले साल इस विजन के 20 साल पूरे होने का उचित रूप से स्मरण किया जाना चाहिए।

भारत ने बनाई बर्ड फ्लू की पहली....

प्रकोप से राज्य की जीडीपी के 0.5 प्रतिशत के बराबर नुकसान हुआ था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2003 से भारत समेत 25 देशों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा के 1,003 इंसानों में मामले सामने आए हैं, जिनमें 479 मौतें शामिल हैं। स्टडीज से पता चला है कि क्लेड 2.3.2.1ए नाम का एच5एन1 स्ट्रेन मुर्गियों में बर्ड फ्लू के ज्यादातर मामलों के लिए जिम्मेदार है। बयान में कहा गया है कि इससे पोल्ट्री फॉर्मरों के पैसे के नुकसान को कम करने और मुर्गियों से दूसरे जानवरों और इंसानों में इसके फैलने को रोकने के लिए इस वायरस के फैलने को नियंत्रित करना जरूरी हो जाता है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी में बड़ा हादसा...

खाई में गिरने से गाड़ी बुरी तरह डैमेज हो गई। उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज़्यादातर 18 साल से कम उम्र के थे। डीएसपी पधर लोकेंद्र नेगी ने मौतों की पुष्टि की और कहा कि एक्सीडेंट में कार में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि क्रैश किन हालातों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है। एक्सीडेंट का सही कारण अभी पता नहीं चला है। पुलिस उन हालातों की जांच कर रही है जिनमें गाड़ी कंट्रोल से बाहर हो गई और खाई में गिर गई।

इस घटना से लडभरोल इलाके में मातम छा गया है। इससे पहले अभी हाल में ही शिमला के रामपुर उपमंडल में गौरा-रामपुर लिंक रोड पर पशाडा मोड़ के पास एक कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना सोमवार सुबह करीब 3 बजे हुई, जब ड्राइवर का गाड़ी से नियंत्रण हट गया और कार खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग, राजस्व विभाग और एंबुलेंस सेवा की टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए रामपुर के खनेरी स्थित महात्मा गांधी मेडिकल सर्विसेज कॉम्प्लेक्स ले जाया गया। मृतकों की पहचान रमानंद, ओम प्रकाश और हमेंद्र के रूप में हुई है, जो सभी रामपुर के रचोली इलाके के जागोच्छा गांव के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि यह गाड़ी रचोली ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले जागोच्छा गांव के निवासी कुमदास दास की है।

लतीफ भट के मारे जाने पर अमित शाह ने की सुरक्षाबलों की तारीफ, बोले- देश जवानों को सलाम करता है

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली। मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर मोहम्मद लतीफ भट मारा गया। इस ऑपरेशन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों की सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, CRPF और खुफिया एजेंसियों के आपसी तालमेल से यह ऑपरेशन सफल हुआ।





गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा- JKP, भारतीय सेना, CRPF और खुफिया एजेंसियों के आपसी तालमेल से चलाए गए एक ऑपरेशन में, आज तड़के कुलगाम में लश्कर के घाटी में मौजूद आखिरी सक्रिय स्थानीय आतंकवादी, लतीफ भट को मार गिराया गया। उससे एक दिन पहले, कुलगाम में ही उसके एक साथी आतंकवादी, उमर निसार को भी मार गिराया गया था। इस पूरे ऑपरेशन में बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। देश जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, CRPF और खुफिया एजेंसियों के बहादुर जवानों को सलाम करता है।

रिजद में छिपा था लतीफ भट, सरेंडर से किया इनकार

अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाबलों को खुफिया जानकारी मिली थी कि दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के देवसर इलाके के जंगलपोरा गांव में आतंकी मौजूद हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान लतीफ भट एक मस्जिद के अंदर छिप गया था। सुरक्षाबलों ने उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कई बार समझाया। अधिकारियों ने वीडियो कॉल के जरिए भी उससे बातचीत की। एक अधिकारी ने उससे कहा, हम तुम्हारे साथ हैं। हालांकि, लतीफ ने सरेंडर करने से इनकार कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार तड़के करीब 2.45 बजे उसने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया।

मुठभेड़ स्थल से शव और हथियार बरामद

कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि संयुक्त अभियान के दौरान मारे गए आतंकी की पहचान मोहम्मद लतीफ भट के रूप में हुई है। वह कुलगाम के खेवान का रहने वाला था। मुठभेड़ स्थल से उसका शव और एक हथियार बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, लतीफ भट 11 नवंबर को कुलगाम में CRPF की चौकी पर हुए हमले में शामिल था। इस हमले में तीन जवान घायल हुए थे।

नशे की रोकथाम के लिए विभाग समन्वय से करें कार्य, अनधिकृत औषधि कारोबार की जांच के निर्देश



औषधि प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की अनिवार्यता, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता और मानस हेल्पलाइन 1933 के व्यापक प्रचार पर जोर

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में नशे की रोकथाम, औषधियों के अनधिकृत व्यापार की जांच, औषधि प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता तथा शिक्षण संस्थानों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए नशे के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस विभाग को औषधियों के अनधिकृत व्यापार की सघन जांच कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाने तथा औषधि प्रतिष्ठानों की नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके साथ ही सभी औषधि प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनकी जांच करने के भी दिशा-निर्देश दिए गए।

बच्चों एवं किशोरों में नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम को लेकर बैठक में विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने बच्चों द्वारा नशे के लिए अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों की रोकथाम हेतु संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने और संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को समन्वय स्थापित कर सभी शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार की गतिविधियां संचालित करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में मानस पोर्टल एवं राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से इस हेल्पलाइन की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए, ताकि नशे से जुड़ी सूचनाएं साझा करने और मदद लेने के लिए लोग जागरूक हो सकें।

टटेंगा स्कूल में प्राचार्य समेत व्याख्याताओं के 6 पद रिक्त, ग्रामीणों ने कलेक्टर व डीईओ को सौंपा ज्ञापन



शिक्षकों की कमी से जूझ रहा टटेंगा हायर सेकेंडरी स्कूल, पदस्थापना की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीण

हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में लंबे समय से चल रही प्राचार्य और विषयवार व्याख्याताओं की कमी को दूर करने की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओम दास सार्वा और सरपंच गंगोत्री ठाकुर के नेतृत्व में समिति के सदस्यों, अभिभावकों व ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टर बालोद एवं जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को ज्ञापन सौंपकर तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की।

6 महत्वपूर्ण पद खाली, पढ़ाई हो रही प्रभावित

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को अवगत कराया कि विद्यालय में प्राचार्य के अलावा हिंदी (दो पद), जीवविज्ञान, इतिहास और संस्कृत जैसे प्रमुख विषयों के कुल 6 पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव में विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पा रहा है और पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। आगामी वार्षिक व बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों में भी भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्याप्त है।

डीईओ ने दिया जल्द व्यवस्था का आश्वासन

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में शीघ्र नियमित पदस्थापना या वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की समस्या को गंभीरता से सुना और रिक्त पदों पर जल्द से जल्द शिक्षकों की व्यवस्था करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम उर्वशा, पेमिन साहू, लिलेश्वरी देवांगन, हितेश देवांगन, छबि निर्मलकर, ईश्वरी सुधाकर, दुर्गा साहू, त्रिवेणी गांवरे, सुषमा कौशिक, विकास कुमार, डिगेश्वर, गेंद लाल सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, अभिभावक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

चारभांठा में धान खरीदी का शुभारंभ, पहले ही दिन पहुंची एक हजार बोरी धान



समिति के प्राधिकृत अधिकारी और किसानों ने विधिवत तराजू की पूजा-अर्चना कर किया कार्य का श्रीगणेश खरीदी केंद्र शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह, उपज बेचने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे अन्नदाता

डोंगरगढ़/चारभांठा (दावा)। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चारभांठा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस पावन अवसर पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी गिरवर साहू और उपस्थित किसानों ने विधिवत तराजू की पूजा-अर्चना कर खरीदी कार्य का श्रीगणेश किया।

समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर शारदा हिरवानी ने जानकारी दी कि खरीदी के पहले ही दिन केंद्र में लगभग एक हजार कट्टा (बोरी) धान की आवक दर्ज की गई है। समिति में धान खरीदी प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों में जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल है तथा किसान अपनी उपज बेचने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं।

जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण रहे उपस्थित

शुभारंभ अवसर पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी गिरवर साहू, रोहित साहू, कमलेश साहू, ऋषिराम सिन्हा, उत्तम सिन्हा, घनश्याम साहू, श्रीराम चंद्रवंशी, समिति प्रबंधक हीरा मंडावी, कंप्यूटर ऑपरेटर शारदा हिरवानी, जोहन यादव एवं ग्राम सेवक सहित क्षेत्र के अनेक किसान व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



बम्हनी चारभाठा के ग्रामीणों ने विधायक से की सौजन्य मुलाकात, सीसी सड़क निर्माण के लिए मांगी स्वीकृति



वार्ड क्रमांक 4 में कीचड़ और धूल की समस्या से ग्रामीण परेशान, विधायक ने 10 लाख रुपये की सीसी सड़क एवं कला मंच के लिए 2 लाख रुपये की स्वीकृति देने का दिया आश्वासन

छुरिया(दावा)। ग्राम बम्हनी चारभाठा के वार्ड क्रमांक 4 के ग्रामीणों ने गांव की मूलभूत समस्याओं के निराकरण एवं विकास कार्यों की मांग को लेकर विधायक निवास पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने वार्ड में लंबे समय से बनी सड़क की समस्या से अवगत कराते हुए सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने विधायक को समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि ग्राम बम्हनी चारभाठा के वार्ड क्रमांक 4 में विगत कई वर्षों से कीचड़ की गंभीर समस्या बनी हुई है। विशेषकर बारिश के दिनों में गली में कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं जोब-मर्काकासा की ओर जाने वाले राहगीरों के लगातार आवागमन के कारण गली में अत्यधिक धूल उड़ती है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कतों के साथ-साथ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए गली में सीसी सड़क का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विधायक से जनहित में शीघ्र सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

ग्रामीणों की मांग एवं समस्या को गंभीरता से सुनते हुए विधायक जी ने ग्राम बम्हनी चारभाठा के वार्ड क्रमांक 4 में 10 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण तथा 2 लाख रुपये की लागत से कला मंच निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है तथा उन्होंने विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री सायं साहू, पवन दास साहू, चेतन दास, तामेश्वरी साहू, कांतिबाई, गीताबाई, कौशल्या साहू, लोकेश्वरी साहू, धनीदास, लता साहू, लताबाई, उषा बाई तमेर, पुनाराम वर्मा, नरेंद्र कुमार, गोविंदा, छगनलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इन विकास कार्यों को स्वीकृति मिलकर धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे वार्डवासियों को वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिलेगी।

भाजपा सरकार गरीबों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार और युवाओं से रोजगार का अवसर छीनने की तैयारी में : चुम्मन



छुरिया (दावा)। प्रदेश के 207 शासकीय विद्यालयों को 30 वर्षों की लीज पर निजी संस्थाओं को सौंपने की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस प्रवक्ता चुम्मन साहू ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां अब शिक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्था को भी निजी हाथों में सौंपने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, जो सरकार की शिक्षा नीति नहीं, बल्कि अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हटने का प्रयास है।

चुम्मन साहू ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ सुशासन और बेहतर शिक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी स्कूलों को निजी संस्थाओं के हवाले करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता कमजोर है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? सरकार अपनी नाकामी स्वीकार करने के बजाय स्कूलों का संचालन निजी हाथों में सौंपने का रास्ता क्यों तलाश रही है?

बेरोजगार युवाओं के भविष्य और गरीब परिवारों की चिंता

जिला कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश के हजारों बी.एड. और डी.एड. योग्यताधारी युवा शिक्षक भर्ती की बाट जोह रहे हैं, लेकिन युवाओं को रोजगार देने के बजाय सरकार निजी संस्थाओं को सरकारी स्कूल सौंप रही है। उन्होंने पूछा कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देना है या निजी संस्थाओं के लिए रास्ता तैयार करना? उन्होंने आगे कहा कि सरकारी स्कूल गरीब, किसान और मजदूर परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा का सबसे बड़ा सहारा हैं। निजी प्रबंधन के आने से फीस और प्रवेश व्यवस्था को लेकर गरीब परिवारों में चिंता स्वाभाविक है।

सरकार को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि 30 वर्षों तक स्कूलों का संचालन निजी हाथों में रहने से गरीब बच्चों और वर्तमान शिक्षकों के हितों की रक्षा कैसे होगी।

सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

चुम्मन साहू ने भाजपा सरकार से सवाल किया कि क्या प्रदेश की जनता ने सरकारी स्कूलों को निजी संस्थाओं के हवाले करने के लिए जनादेश दिया था? उन्होंने मांग की कि सरकार शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए शिक्षक भर्ती, पर्याप्त बजट और बुनियादी सुविधाओं पर काम करे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस गरीब बच्चों के शिक्षा के अधिकार और शिक्षित बेरोजगारों के रोजगार की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। सरकार को तत्काल इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि सरकारी स्कूल जनता की संपत्ति हैं, किसी निजी संस्था की जागीर नहीं। शिक्षा अधिकार है, कारोबार नहीं।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ बाल मेला, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा और रचनात्मकता



विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाकर पाक कला, प्रबंधन और व्यवहारिक ज्ञान का दिया परिचय किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक अनुभव जरूरी : प्रबंधन

छुरिया (दावा)। स्थानीय रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में बाल मेले का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं वंदन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था के आशीर्वादक आदरणीय पापा जी एवं संस्थापक डॉ. जे.बी. सिंह की स्मृति में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। जिसके पश्चात बाल मेले का औपचारिक उद्घाटन हुआ।

स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल और खेलकूद रहे आकर्षण का केंद्र

बाल मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों और खाद्य सामग्रियों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल अपनी पाक-कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, बल्कि प्रबंधन कौशल, आत्मविश्वास और व्यवहारिक ज्ञान का भी शानदार परिचय दिया। इसके साथ ही मेले में विभिन्न प्रकार के खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसने मेले के आकर्षण को दोगुना कर दिया। बच्चों की मेहनत, प्रतिभा और उत्साह को देखकर उपस्थित अभिभावक बेहद प्रसन्न नजर आए और उन्होंने स्टॉलों पर खरीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक संजय बहादुर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को अपनी छिपी प्रतिभा पहचानने और प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं। विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना भी है। डायरेक्टर जन्मेजय बहादुर सिंह ने कहा कि बाल मेला बच्चों को व्यवहारिक जीवन का अनुभव देने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। प्रधानाचार्य गोपाल साहू ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन दर्शाता है कि विद्यार्थियों में सीखने, समझने और कुछ नया करने की अद्भुत क्षमता है। प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार विकसित करते हैं।

आस-पड़ोस युवा संसद में गूंजा नशा मुक्ति का संदेश, युवाओं को मिला करियर मार्गदर्शन



नशा मुक्ति के साथ भविष्य निर्माण एवं करियर मार्गदर्शन पर जोर जिला पंचायत सभापति ने छत्तीसगढ़ी बोली में दिया प्रेरणादायक संदेश पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारी के लिए किया प्रेरित

डोंगरगांव (दावा)। युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत (माय भारत) डोंगरगांव के तत्वावधान में आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान युवाओं के भविष्य निर्माण, करियर मार्गदर्शन, सामाजिक जिम्मेदारियों और नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी एवं जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यादव उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में महिला एवं बाल विकास अधिकारी व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. वीरेंद्र साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के रेडियोग्राफर व पर्यावरणविद् भोजराम साहू, आईटीआई प्रोफेसर अरुण साहू तथा पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हिमांचल प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र साहू ने युवाओं को नशा मुक्ति विषय पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों, इससे दूर रहने के उपायों तथा स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान करियर गाइडेंस पर विशेष चर्चा करते हुए शिक्षा, रोजगार एवं रुचि के क्षेत्र में सही अवसरों के चयन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यादव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को सही दिशा देने और गलत रास्ते से बचाने के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ी बोली में अपने विचार रखते हुए युवाओं को पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने, जीवन में नेक कार्य करते रहने तथा हमेशा सत्य की राह पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने अनुशासन, संस्कार और अच्छे आचरण को अपनाकर जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।

स्वास्थ्य विभाग से रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित जल प्रहरी भोजराम साहू ने पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए अपने कार्यों के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं को जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं जनजागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अन्य अतिथियों ने भी शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

अतिथियों एवं युवाओं ने ली नशामुक्त समाज की सामूहिक शपथ

कार्यक्रम के दौरान नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और उससे उत्पन्न सामाजिक समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। अतिथियों ने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि नशे की लत किस प्रकार व्यक्ति के स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा को नष्ट कर देती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं युवा-युवतियों ने सामूहिक रूप से नशे का सेवन नहीं करने, दूसरों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम में युवा-युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न सामाजिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। यह आयोजन मेरा युवा भारत, जिला राजनांदगांव के जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संयोजन माय भारत की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रूपमाला साहू द्वारा किया गया। अंत में सभी अतिथियों, मार्गदर्शकों एवं युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

नारायणगढ़ में धूमधाम से किया गया मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम नारायणगढ़ में जय बजरंग मां लक्ष्मी जन उत्सव समिति द्वारा विगत ग्यारह वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी दीपावली के पावन पर्व पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा की स्थापना कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की गई। धनतेरस के दिन ग्राम के ठाकुर देव पारा में माता रानी की प्रतिमा विराजित कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई थी। समिति के अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव ने बताया कि भाई दूज के अवसर पर 11 नवंबर को मां लक्ष्मी की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे और डीजे की धुन के साथ निकली इस शोभायात्रा में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। माता रानी की प्रतिमा को गांव के हर प्रमुख चौक-चौराहे से भ्रमण कराते हुए महादेव तालाब ले जाया गया।

जिले में धान खरीदी तेज : चार दिनों में 4160 किसानों से 15,442 मीट्रिक टन से अधिक उपार्जन

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसान उत्साहपूर्वक अपनी उपज का विक्रय करने पहुंच रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। धान खरीदी के चौथे दिन 18 नवंबर को जिले के 1274 किसानों से कुल 4 हजार 832.24 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इस प्रकार जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने से अब तक चार दिनों में कुल 4160 किसानों से 15 हजार 442.88 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 नवम्बर 2026 को जिले के 122 धान उपार्जन केन्द्रों के लिए कुल 1343 टोकन जारी किए गए थे। इन टोकनों के माध्यम से 5 हजार 538.10 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीकृत था। जारी टोकनों में से 94.86 प्रतिशत किसानों ने उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर अपना धान विक्रय किया। वहीं 19 नवंबर को धान विक्रय के लिए जिले के 121 उपार्जन केन्द्रों में कुल 1425 टोकन जारी किए गए हैं। इन टोकनों के माध्यम से 5 हजार 848.32 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीकृत है।



- चौथे दिन 1274 किसानों ने बेचा 4832 मीट्रिक टन धान, 94.86 प्रतिशत रही टोकन की उपस्थिति
- अवैध धान पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई : 5 नए प्रकरणों में 876 कट्टा जब्त, अब तक कुल 3915 कट्टा धान पकड़ा गया

अवैध धान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, एक दिन में 876 कट्टा धान जप्त

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने के प्रयासों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 18 नवम्बर 2026 को जिले में अवैध धान के 5 प्रकरण दर्ज कर कुल 876 कट्टा अर्थात 350 क्विंटल धान जप्त किया गया। मंडी डोंगरगढ़ द्वारा ग्राम ढारा एवं देवकट्टा में 2 प्रकरणों में कुल 90 कट्टा अर्थात 36 क्विंटल धान जप्त किया गया। इसी प्रकार मंडी राजनांदगांव द्वारा ग्राम गठुला एवं भेड़ीकला में 2 पोहा उद्योगों से कुल 386 कट्टा अर्थात 154 क्विंटल धान जप्त किया गया। जांच के दौरान लाइसेंस की तय सीमा से अधिक धान का संग्रहण किए जाने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण जप्ती की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त धान उपार्जन केन्द्र खैरझिटी में एक व्यक्ति द्वारा रबी फसल का धान खपाने का प्रयास किए जाने पर नायब तहसीलदार राजनांदगांव द्वारा कार्रवाई करते हुए 400 कट्टा अर्थात 160 क्विंटल धान जप्त किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिले में 17 नवम्बर 2026 तक अवैध धान के 13 प्रकरणों में 3039 कट्टा अर्थात 1378 क्विंटल धान जप्त किया गया था। वहीं 18 नवंबर को 5 नए प्रकरणों में 876 कट्टा अर्थात 350 क्विंटल धान जप्त किया गया। इस प्रकार जिले में अब तक अवैध धान के कुल 18 प्रकरणों में 3915 कट्टा अर्थात 1728 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। कार्रवाई के दौरान 2 वाहनों की भी जप्ती की गई है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए संबंधित विभागों द्वारा सतत निगरानी की जा रही है।

राजनांदगांव को दो बड़ी सौगातें : बाल सम्प्रेक्षण गृह और माशिमं संभागीय कार्यालय के लिए जमीन मंजूर

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में राजनांदगांव जिले के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने जिले में नवीन बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन निर्माण तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) के संभागीय कार्यालय की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने इन निर्णयों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



कैबिनेट के फैसले का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया स्वागत, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

कौरिनभांठा में बनेगा नवीन बाल सम्प्रेक्षण गृह

मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार, बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन के निर्माण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को राजनांदगांव तहसील के ग्राम कौरिनभांठा में राजगामी संपदा की खसरा क्रमांक 284 की 0.223 हेक्टेयर (अर्थात 24,090 वर्गफीट) भूमि आवंटित की जाएगी। इस नवीन भवन के निर्माण से विधि से संघर्षरत बालकों के लिए सुरक्षित आवास, देखभाल, परामर्श, शिक्षा और पुनर्वास की व्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी।

बलदेव बाग में खुलेगा माशिमं का संभागीय कार्यालय

इसी प्रकार, कैबिनेट ने राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय कार्यालय की स्थापना के लिए शहर के बलदेव बाग स्थित स्टेट हाईस्कूल परिसर की 264 वर्गमीटर भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी है। संभागीय कार्यालय खुलने से राजनांदगांव सहित आसपास के जिलों के विद्यार्थियों, अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थाओं को बोर्ड से संबंधित कार्यों के लिए रायपुर नहीं जाना पड़ेगा और सभी सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।

जनसुविधाओं को प्राथमिकता दे रही सरकार : डॉ. रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित और आम नागरिकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। इन दोनों संस्थानों के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो बाल संरक्षण और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगी।

आजाद चौक मुख्य गौशाला में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया गोपाष्टमी पर्व

गौशाला पिंजरापोल के अध्यक्ष खूबचंद पारख सहित सदस्यों ने किया गौवंश का विधिवत पूजन

राजनांदगांव (दावा)। आजाद चौक स्थित मुख्य गौशाला में गोपाष्टमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला पिंजरापोल के अध्यक्ष खूबचंद पारख एवं समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गौवंश का पूजन-अर्चन किया गया। सदस्यों ने गौमाता को तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला अर्पित कर आरती उतारी तथा गौवंश के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और संरक्षण की मंगलकामना की।



गौसेवा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक दायित्व भी

समारोह के दौरान गोपाष्टमी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इसी पावन दिन से गौचारण की शुरुआत की थी। भारतीय संस्कृति में गाय को माता का स्थान दिया गया है, जो समृद्धि, करुणा और पालन-पोषण की प्रतीक है। उपस्थित सभी सदस्यों ने गौसेवा को केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व बताते हुए गौवंश की रक्षा और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज के हर वर्ग से गौसेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष खूबचंद पारख के साथ इन्दरचंद कोठारी, श्रीचंद कोचर, रिद्धकरण कोटडिया, पुरुषोत्तम गांधी, कानमल पारख, विनोद ढड्ढा, संतोष अग्रवाल, सुधीर (मीनू) जैन, सुंदरभाई ठक्कर, मनोज लड्ढा, हेमंत ओस्तवाल, मयंक अग्रवाल, ऋषभ नाहटा, गौरव पारख, हसमुख रायचा, अशोक कोटडिया, देवीशरण खंडेलवाल, विजय हरिहरणो, नेमीचंद जैन, गौतम नाहर, नरेश जेठवा, विनोद अग्रवाल, ओ.पी. शर्मा, विनोद श्रीरंगे, तोरण देवांगन, संतोष सेन, गोपाल साहू, रूपेश यादव, दिनेश साहू, नागेश साहू, धनंजय साहू, अमित ओसवाल और सुरेश चंद ओस्तवाल सहित बड़ी संख्या में गौसेवक उपस्थित रहे।

नर्सिंग कर्मचारियों ने खोला मोर्चा : मेडिकल कॉलेज अस्पताल की 128 नर्सें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

राजनांदगांव (दावा)। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेश के 10 मेडिकल कॉलेजों सहित स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग स्टाफ ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में राजनांदगांव के शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पेंड्री) में पदस्थ 73 नियमित और 55 कलेक्टर दर पर कार्यरत कुल 128 नर्सें बुधवार, 18 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई हैं। नर्सों के हड़ताल पर जाने से वार्डों में भर्ती मरीजों की देखभाल और नियमित उपचार व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। इसका असर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साथ-साथ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में भी देखने को मिल सकता है।



- ग्रेड-पे आदेश और नियमितीकरण सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा असर
- स्थिति संभालने के लिए जिला अस्पताल से बुलाया गया स्टाफ, नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों की भी ली जा रही मदद

ग्रेड-पे और संविदा नियमितीकरण सहित 9 सूत्रीय मांगें

हड़ताल पर बैठे नर्सिंग कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नर्सिंग संवर्ग के लिए ग्रेड-पे का आदेश जारी करने, वर्ष 2018 में गठित कमेटी की अनुशंसाओं को लागू करने और संविदा नर्सिंग कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित कुल 9 सूत्रीय मांगें शामिल हैं। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन की घोषणा के अनुसार, चिकित्सा विभाग के अंतर्गत कार्यरत नियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी नर्सिंग कर्मचारी रोजाना सुबह 10 से शाम 4 बजे तक धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

मांगें नहीं मानने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संगठन ने स्वास्थ्य मंत्री और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों का ठोस समाधान नहीं निकलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। फिलहाल संगठन ने शासन को दो-तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है और समाधान न होने पर आंदोलन का दायरा और व्यापक करने की बात कही है।

> नर्सिंग कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस दिया गया है। अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था और मरीजों की देखभाल सुचारू रखने के लिए जिला अस्पताल बसंतपुर के एमसीएच (मातृ एवं शिशु अस्पताल) से 20 नर्सों के स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों की भी मदद ली जा रही है।
>
> - डॉ. पवन जेठानी, पीआरओ, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पेंड्री (राजनांदगांव)

खादू वाले श्याम प्रभु जन्मोत्सव : तृतीय दिवस आज बहेगी भजनों की अमृत गंगा

राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम भरोसे परिवार के तत्वावधान में स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु का पांच दिवसीय जन्मोत्सव (17 से 21 नवंबर) बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस आयोजन से पूरा मंदिर परिसर खाटूधाम के रंग में रंग गया है। महोत्सव के तृतीय दिवस गुरुवार, 19 नवंबर (कार्तिक शुक्ल दशमी) को रात्रि 8:15 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है।



कटिहार के भजन गायक आदर्श दाधीच अपनी ओजस्वी वाणी से बांधेंगे समां, दुर्ग का निर्मल ग्रुप देगा संगीत

श्री श्याम भरोसे परिवार की ओर से विष्णु प्रसाद लोहिया, नरेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, अमित खंडेलवाल, बंसी अग्रवाल, योगेश लोहिया, संतोष बावरिया, संतोष पुरोहित, श्याम अग्रवाल, रितेश अग्रवाल और प्रशांत अग्रवाल (महाकाल) ने बताया कि आज की भजन संध्या में कटिहार (बिहार) के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक आदर्श दाधीच अपनी ओजस्वी वाणी से सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। भजनों में संगीत का संयोजन दुर्ग के प्रसिद्ध निर्मल ग्रुप द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं पर इत्र, केसर और गुलाबजल की फुहार की जाएगी। इसके साथ ही श्याम प्रभु के अलौकिक दरबार की झांकी के विशेष दर्शन भी होंगे। आज की श्रृंगार सेवा के लाभार्थी संतोष रामकरण अग्रवाल एवं भोजन प्रसादी के लाभार्थी मधुसूदन ओमप्रकाश अग्रवाल हैं।

यात्रा में उमड़ा भक्ति का ज्वार

इससे पूर्व महोत्सव के प्रथम दिवस मंगलवार को मेहंदी उत्सव मनाया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं ने हाथों में श्याम नाम की मेहंदी रचाई। द्वितीय दिवस बुधवार को श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में धर्म ध्वजा उठाने के लिए भक्तों में उत्साह दिखा। सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर श्याम प्रभु के जयकारे लगाते और भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए आगे बढ़े। आयोजन समिति ने बताया कि जो श्रद्धालु किसी कारणवश मंदिर परिसर में उपस्थित नहीं हो पाएंगे, वे यूट्यूब लाइव प्रसारण के माध्यम से घर बैठे इस भव्य भजन उत्सव का सीधा प्रसारण देख सकते हैं।

अवैध मुरूम उत्खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, जेसीबी और हाईवा जब्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में छुरिया तहसील अंतर्गत ग्राम सड़क चिरचारी में अवैध मुरूम उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर तहसीलदार छुरिया श्रीमती आकांक्षा साहू द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच एवं कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान अवैध मुरूम उत्खनन में संलिप्त पाए जाने पर एक जेसीबी मशीन एवं एक हाईवा वाहन को जप्त किया गया। जप्त मशीन एवं वाहन के संबंध में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर ने अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

छात्रों के लिए बड़ी खबर : माशिमं ने जारी की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा 2027 की समय-सारणी

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल, हायर सेकंडरी और शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा 2027 की समय सारणी जारी कर दी है। हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 12 मार्च से 8 अप्रैल 2027 तक आयोजित होगी। ऐसे ही हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 13 मार्च से 5 अप्रैल 2027 तक और शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा(प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) 12 मार्च से 20 मार्च 2027 तक आयोजित होग। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। पूरी समय सारणी शिक्षा मंडल की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। इसके साथ ही मंडल की ओर से हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी परीक्षा वर्ष 2027 के नियमित छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा/प्रायोजना कार्य एवं अंक प्रेषण संबंधी निर्देश जारी किए गए है।

1 जनवरी से प्रायोगिक परीक्षा

हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 के नियमित छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा/प्रायोजना कार्य 1 जनवरी से 20 जनवरी 2027 के बीच संबंधित संस्था में ही कराई जाएगी। शिक्षा मंडल की ओर से निर्देश में कहा गया है कि प्रायोगिक परीक्षा/प्रायोजना कार्य में अनुपस्थित छात्रों को किसी भी दशा में विशेष अनुमति नहीं दी जाएगी और न ही दोबारा परीक्षा कराई जाएगी। मंडल द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षक से ही प्रायोगिक परीक्षा कराई जाएगी। स्कूल द्वारा स्वेच्छा से बाह्य परीक्षक नियुक्त कर प्रायोगिक परीक्षा नहीं कराई जा सकेंगी। यदि ऐसा किया जाता है, तो ऐसी परीक्षा मान्य नही की जाएगी।

विद्यार्थियों से नहीं वसूल सकेंगे विलंब शुल्क

आंतरिक परीक्षक की नियुक्ति संबंधित संस्था स्तर पर की जावेगी, संस्था में अध्यापन करा रहे विषय शिक्षकों को ही आंतरिक परीक्षक नियुक्त किया जाएगा। प्रायोजना कार्य संबंधित संस्था स्तर पर ही विषय शिक्षक द्वारा आयोजित किया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षा/प्रायोजना कार्य का आंतरिक मूल्यांकन संबंधित संस्था स्तर पर ही किया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षा/प्रायोजना कार्य के बाद अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि 31 जनवरी 2027 तक मण्डल पोर्टल पर करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद ऑनलाईन अंक प्रविष्टि एवं संशोधन के लिए पोर्टल खोलने पर प्रति दिवस प्रति संस्था राशि 1000 रुपए की दर से विलंब शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने पर संबंधित संस्था का पोर्टल दो दिन के लिए खोला जाएगा। विलंब शुल्क किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा से वसूल नहीं किया जा सकता।



बुचाटोला को मिली 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस की सौगात

राजनांदगांव (दावा)। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की घोषणा के अनुरूप छुरिया विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुचाटोला को 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस की सौगात मिली है। महापौर मधुसूदन यादव ने आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर से 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुचाटोला के लिए रवाना किया। एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध होने से बुचाटोला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की घोषणा पर तत्काल अमल
- महापौर मधुसूदन यादव ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को किया रवाना

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राजनांदगांव प्रवास के दौरान आयोजित जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुचाटोला के लिए तत्काल एंबुलेंस उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है। इससे क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को मजबूती मिलेगी तथा गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं एवं दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत सभापति श्रीमती भीरम बाई मंडावी, नगर निगम सभापति पारस वर्मा,विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, सैंकी बग्गा, सुमित भाटिया, डॉ. अरविंद सिन्हा, राजेश श्यामकर, तरुण लहरवानी, आकाश चोपड़ा, मनोज निरवानी, आयुक्त नगर निगम जीआर मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र प्रसाद, 108 संजीवनी एक्सप्रेस के डिविजनल कोऑर्डिनेटर आसिफ खान, जिला समन्वयक पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com